दैनिक
उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रकाशित
RNI NO: UPHIN/2022/82892
लखनऊ सुपरफास्ट खबरें
सबसे तेज, सबसे पहले
वर्ष-04 अंक-160 लखनऊ, बुधवार, 04 फरवरी, 2026 पृष्ठ- 8 मूल्यः 2 रुपया
www.lucknowsuperfastkhabre.com





तीन दिन की गिरावट के बाद चांदी 32 हजार बढ़ी



डॉलर के मुकाबले रुपया 129 पैसे मजबूत, 90.20 पर आया



सेंसेक्स 2073 अंक चढ़ा, वजह- ट्रम्प ने टैरिफ घटाया

# अमेरिका ने भारत पर टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया

## ट्रम्प बोले- रूस से तेल नहीं खरीदेगा भारत, वेनेजुएला से लेगा, मोदी ने कहा- शुक्रिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से जिस ट्रेड डील का इंतजार था, सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उसकी घोषणा कर दी। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने भारत पर टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। ट्रम्प ने अप्रैल में 25त्र रेसिप्रोकल टैरिफ (जैसे को तैसा) लगाया था और रूस से तेल खरीदने के कारण अगस्त में 25 प्रतिशत पेनल्टी का ऐलान किया था। इससे भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया था। अब व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया कि भारत पर सिर्फ टैरिफ 18 प्रतिशत ही लगेगा।

अमेरिका रूसी तेल खरीदने के कारण लगा 25 प्रतिशत टैरिफ हटा देगा। ट्रम्प ने सोमवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की। इसके बाद रात करीब 10:30 बजे ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर ट्रेड डील की घोषणा की। ट्रम्प ने दावा किया कि



मोदी रूस से तेल की खरीद बंद करने और अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदने पर राजी हो गए हैं। ट्रम्प के मुताबिक, जरूरत पड़ी तो भारत वेनेजुएला से तेल लेगा। भारत 'बाय अमेरिकन' नीति के तहत अमेरिका से 46 लाख करोड़ रुपए (500 अरब डॉलर) से अधिक का सामान खरीदेगा। वहीं, ट्रम्प के एलान के बाद पीएम ने एक्स पर लिखा- भारत के 1.4 अरब लोगों की तरफ से राष्ट्रपति ट्रम्प का शुक्रिया। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने बातचीत में भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील होने की पुष्टि की। उन्होंने कहा- कुछ तकनीकी कागजों पर अगले कुछ दिनों में दस्तखत होंगे, लेकिन डील लगभग तय है। गोर ने कहा- यह टैरिफ समझौता प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच कई सालों से चली आ रही मजबूत दोस्ती का नतीजा है। यह टैरिफ दूसरे देशों की तुलना में बहुत कम है। पहले भारत पर काफी ज्यादा टैरिफ लगता था, लेकिन अब भारत उन देशों में आ गया है जिन पर कम टैरिफ है। राजदूत गोर के मुताबिक, ट्रम्प और मोदी की दोस्ती इस डील को पूरा करने में सबसे बड़ी वजह बनी। गोर ने कहा कि अमेरिका और भारत के रिश्तों में बहुत बड़ी संभावनाएं हैं। इस व्यापार समझौते के बाद दोनों देशों के रिश्तों का अगला दौर शुरू होगा। इस बीच व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने भी न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया है कि अमेरिका, भारत से आने वाले सामान पर लगाया गया वह एक्स्ट्रा टैरिफ हटा देगा, जो रूस से तेल खरीदने के बदले सजा के तौर पर लगाया गया था। ट्रम्प ने मोदी से फोन पर बातचीत से पहले अपने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर भारत से जुड़ी दो तस्वीरें पोस्ट की थीं।

एक में उन्होंने इंडिया गेट की फोटो शेयर की थी, जबकि दूसरे में एक भारतीय मैगजीन का कवर शेयर किया था, जिस पर पीएम मोदी के साथ उनकी तस्वीर छपी थी। ट्रम्प ने इंडिया गेट की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा- भारत का ट्रायम्फल आर्च (इंडिया गेट) बहुत खूबसूरत है। हमारा वाला इन सब में सबसे शानदार होगा! दरअसल ट्रम्प राजधानी वाशिंगटन डीसी में अपने नाम से एक विशाल दरवाजा बनवाने का प्लान कर रहे हैं। इस स्मारक को 'आर्क डी ट्रम्प' नाम दिया गया है। इसका इस्तेमाल वर्जीनिया राज्य से राजधानी में प्रवेश के लिए किया जाएगा। इसका डिजाइन पेरिस के आर्क डी ट्रायम्फ से मिलता-जुलता है। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कुछ महीने पहले सीएनएन को बताया था कि इस आर्क का आइडिया खुद ट्रम्प का था। ट्रम्प इस आर्क के डिजाइन बनाने की प्रक्रिया में भी शामिल रहे। पीएम मोदी ने ट्रम्प से आज से पहले दिसंबर में फोन पर बातचीत की थी। तब पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी शेयर की थी। मोदी ने कहा था कि उनकी बातचीत गर्मजोशी भरी और सकारात्मक रही। उन्होंने बताया था कि दोनों नेताओं ने दोनों देशों के संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा की।

साथ ही क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। मोदी ने कहा कि भारत और अमेरिका वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। बातचीत में दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया गया। साथ ही अहम तकनीक, ऊर्जा, रक्षा और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में साझेदारी को आगे बढ़ाने पर भी सहमति बनी। ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद से उनकी और पीएम मोदी की अब तक 7 बार फोन पर बातचीत हो चुकी है।

सबसे पहले 27 जनवरी 2025 को पीएम मोदी ने ट्रम्प को राष्ट्रपति बनने की बधाई देने के लिए फोन किया था। 22 अप्रैल को ट्रम्प ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद मोदी को फोन कर दुख जताया था। इसके बाद ट्रम्प ने 17 जून को मोदी को फोन कर नोबेल के लिए नॉमीनेट करने को कहा, 17 सितंबर को जन्मदिन की बधाई देने और 21 अक्टूबर को दिवाली की शुभकामनाएं देने के लिए फोन किया था। फिर 11 दिसंबर को दोनों नेताओं ने बात की थी।

### मोदी बोले, हमारी पार्टनरशिप को ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए उत्सुक हूं

पीएम मोदी ने लिखा- मुझे राष्ट्रपति ट्रम्प से बात करके बहुत खुशी हुई। यह जानकर बेहद संतोष है कि अब मेड इन इंडिया उत्पादों पर टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। इस शानदार फैसले के लिए भारत के 1.4 अरब लोगों की ओर से राष्ट्रपति ट्रम्प का दिल से धन्यवाद। मोदी ने आगे लिखा- जब दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र एकसाथ मिलकर काम करते हैं, तो इससे हमारे लोगों को लाभ होता है और आपसी सहयोग के नए और बड़े मौके खुलते हैं। मैं उनके साथ मिलकर काम करने और हमारी पार्टनरशिप को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए उत्सुक हूं।

## भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता दोनों देशों के हक में : अश्विनी वैष्णव



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** रेल, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को दोनों देशों के हक में बताते हुए कहा है कि दोनों देश प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में गहन सहयोग करने की स्थिति में हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच सोमवार को हुई टेलीफोन वार्ता के बाद घोषित इस समझौते पर श्री वैष्णव ने मंगलवार को कहा, भारत-अमेरिका व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए लाभकारी है। इस समझौते से दोनों देशों के नागरिकों और उद्योगों को व्यापक लाभ होगा। उन्होंने कहा, अमेरिका और भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। दोनों देश स्वाभाविक सहयोगी हैं। भारत और अमेरिका के पास शांति और विकास के लिए मिलकर काम करने की अपार क्षमता है। अमेरिका और भारत की शक्ति को एक दूसरे की पूरक बताते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि दोनों देश मिलकर ऐसी प्रौद्योगिकियां विकसित कर सकते हैं और ऐसे समाधान तैयार कर सकते हैं जिनसे विश्व को लाभ होगा। उन्होंने कहा, अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता दोनों देशों के उवल भविष्य की ओर अग्रसर होगा। श्री वैष्णव के पास सूचना प्रसारण मंत्रालय का भी प्रभार है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता ऐतिहासिक है इससे दोनों लोकतांत्रिक देश के बीच साझा समृद्धि नवाचार और वृद्धि के नए रास्ते खुलेंगे।

## एमपी-यूपी और राजस्थान में घना कोहरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर भारत में मौसम एकबार फिर बदला है। इसका कारण 2 वेस्टर्न डिस्टर्बेंस हैं। मौसम विभाग के मुताबिक 3 फरवरी तक पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी होगी। मध्य प्रदेश 20 जिलों में बारिश का अलर्ट है। राजस्थान के 17 जिलों में कोहरे का यलो अलर्ट है। इसके साथ ही तापमान में बढ़ोतरी हुई है। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेलसियस रहा। बिहार के 5 जिलों में कोहरे का यलो अलर्ट है। हिमाचल में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और अन्य जगहों पर बारिश हुई। लाहौल-स्पीति के रोहतांग और भरमौर में सबसे ज्यादा 6 इंच बर्फबारी हुई। कल्पा में तापमान माइनस 3.8 डिग्री सेलसियस डिग्री रहा। वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से मध्य प्रदेश में ओले-बारिश का दौर जारी है। आज भोपाल-ग्वालियर समेत 20 जिलों में बारिश का अलर्ट है।

एनकाउंटर पर मुख्यमंत्री योगी का जवाब बोले

## हमने भी पुलिस को पिस्तौल दी है, अगर मारे न तो क्या गोली खाएं?

### 24 घंटे में खाली हुई 65 हजार एकड़ जमीन

सीएम योगी कहा, हमने भू-माफिया टास्क फोर्स गठित की और मैंने कहा, 24 घंटे का समय दे रहा हूं। उत्तर प्रदेश के अंदर जिस भी सरकारी भूमि पर जिस भू माफिया ने कब्जा किया है, उसको तत्काल छोड़ दे। 24 घंटे के बाद जब हम कारवाई करेंगे तो उसको जमीन तो छोड़नी ही पड़ेगी, लेकिन साथ-साथ उसने जो कमाई की होगी, उसकी ब्याज सहित वसूली करेंगे। आप आश्चर्य करेंगे कि हमारी 65000 एकड़ लैंड खाली हुई थी।

**लखनऊ, संवाददाता।** लखनऊ में यूपी फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 का उद्घाटन कार्यक्रम है। इसमें सीएम योगी, उनके साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी पहुंचे। इस दौरान सरकार ने 11 कंपनियों के साथ स्र किया। इसके तहत मेडिकल डिवाइस और नई दवाओं पर मिलकर शोध किया जाएगा। सीएम योगी ने संबोधित करते हुए कहा, अगर अपना व्यक्ति भी गलत करेगा तो उसके लिए भी वही कानून लागू होगा, जो माफिया और अपराधी के लिए है। बहुत बार लोग टिप्पणी करते हैं कि पुलिस ने गोली क्यों मार दी। अगर पुलिस गोली न मारे तो क्या खाए? सीएम योगी ने कहा, अगर कानून को कोई आंख दिखाता है तो उसको कानून अपने तरीके से अपने दायरे में लाकर अपने हिसाब से समझाता है। कानून के साथ किसी को खिलवाड़ करने की छूट नहीं है। एक वक्त यूपी के अंदर लोगों के मन में अविश्वास था, असुरक्षा थी, क्योंकि अराजकता थी। आज वो दूर की कौड़ी हो चुकी है। सीएम योगी ने कहा, यूपी को अब तक 50 लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। बेरोजगारी दर में यूपी सबसे न्यूनतम स्तर पर है। आज हमारे पास लैंड बैंक भी है। जब सभी लोग प्रयास करेंगे तो परिणाम आएंगे। हमने ललितपुर में प्रदेश के पहले फार्मा पार्क के लिए लैंड अधिग्रहण की। पार्क के विकास के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। उत्तर प्रदेश में सेंटर लेवल की लैबोरेट्री पहले से मौजूद है। सीएम योगी कहा, हम प्रधानमंत्री जी व अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आभारी हैं, जिन्होंने रोलबैक करते हुए भारत के टैरिफ को कम किया है और भारत को एक विश्वसनीय सहयोगी के रूप में माना है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत अपनी नीतियों पर अडिग था, और इसका परिणाम है 'सत्यमेव जयते'। यह पहले भी हुआ है और आगे भी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विकसित भारत और बढ़ते भारत की यात्रा का प्रमाण है, जहां भारत एक जिम्मेदार और भरोसेमंद वैश्विक साझेदार के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है।



### 2017 में पीएम मोदी ने मुझे जिम्मेदारी सौंपी

जब हमने देखा तो तय किया कि जीरो टॉलरेंस। अगर अपना व्यक्ति भी गलत करेगा तो उस पर एक्शन होगा। अपना पराया कुछ नहीं होगा। जब हमने एक्शन शुरू किया, प्रयास किया कि कानून के दायरे में रहकर करें, लेकिन कई बार अगर कोई कानून से डर नहीं रहा था, तो ऐसे व्यक्ति को कानून के दायरे में लाकर कानून की भाषा समझाना तात्कालिक परिस्थिति हो जाती है।

अमेरिकी ट्रेड डील पर सरकार का पहला बयान कहा

## इंजीनियरिंग, कपड़ा और ज्वेलरी उद्योग को फायदा ट्रम्प को धन्यवाद, उन्होंने दोस्ती का मान रखा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से टैरिफ को लेकर लिए गए एलान के बाद आज वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इसका ब्योरा दिया। उन्होंने कहा कि यह वास्तव में भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने वाला है। हम इस बारे में संसद में बोलना चाहते थे, लेकिन हम सबने देखा वो भद्दा दृश्य, जिस तरह विपक्ष, राहुल गांधी जी के नेतृत्व में, उनके साथी- डीएमकी, समाजवादी पार्टी, उन्होंने कितना भद्दा व्यवहार संसद में किया। आसन तक पहुंचकर उनका अपमान किया है। गोयल ने बताया कि इस वजह से हम संसद की जगह यहां जानकारी दे रहे हैं। पीएम मोदी ने अपनी मित्रता के जरिए राष्ट्रपति ट्रंप के साथ ट्रेड डील तय की है। यह हमारे सभी पड़ोसी देश और जो देश हमारे साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं, उनमें सबसे अच्छी डील हमें मिली है। यह देशवासियों के लिए शुभ संकेत लाती है। हम जानते हैं महीनों से हमारी नेगोशिएटिंग टीम कई दिनों से अमेरिका के अधिकारियों और मंत्रियों के साथ बात कर रही थी। कई जटिल विषय थे, कई समस्याएं थीं। भारत के ऊपर 50 फीसदी रेसिप्रोकल टैरिफ लगा था। उद्योग जगत को , हमारे किसानों को सभी को तकलीफ हो रही थी। वस्त्र क्षेत्र के लिए रेट कम होने की जरूरत थी। कुछ दिन पहले तक विपक्ष के नेता भी हमसे यही पूछ रहे थे कि कब आयात शुल्क कम होंगे। उन्होंने कहा कि हमने देखा की आरसीईपी, जिसमें कांग्रेस ने देश को झोंक दिया था, चीन के साथ फ्री ट्रेड डील करने जैसा, उससे भी प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को बचाया। इसके बाद भारत में चारों और से राहत की सूचना आई थी। पीएम मोदी ने हमेशा कृषि और डेयरी के हितों को संभाला है।



दिल्ली वासियों के लिए बड़ी राहत

## होली-दिवाली पर मिलेगा मुफ्त गैस सिलेंडर सीधे खाते में आएंगे 853 रुपये




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने लोगों को बड़ी राहत देते हुए मंगलवार को एक बड़ा एलान किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी के गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को त्योहारों से पहले मुफ्त गैस सिलेंडर योजना को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद दिल्ली के लाखों राशन कार्ड धारक परिवारों की रसोई में होली और दिवाली के मौके पर बिना खर्च के चूल्हा जलेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इसे दिल्ली के परिवारों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह कदम सरकार की जन-कल्याणकारी सोच को मजबूत करता है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस योजना के लिए 242 करोड़ रुपये के बजट को हरी झंडी दी गई। यह राशि खासतौर पर राजधानी के उन परिवारों पर खर्च की जाएगी, जो राशन कार्ड धारक हैं। सरकार ने साफ किया है कि इसी होली से योजना का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। योजना को पूरी तरह पारदर्शी रखने के लिए सरकार ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांजेक्शन (डीबीटी) का रास्ता चुना है। मुख्यमंत्री के अनुसार, पात्र राशन कार्ड धारकों के बैंक खातों में गैस सिलेंडर के लिए 853 रुपये सीधे ट्रांसफर किए जाएंगे। इससे बिचौलियों की भूमिका खत्म होगी और लाभ बिना किसी रुकावट के सीधे जनता तक पहुंचेगा।

## दिल्ली-एनसीआर में घने कोहरे से सुबह के समय यातायात प्रभावित, एक्यूआई खराब श्रेणी में

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में कई जगहों पर घना कोहरा छाए रहने से बड़े स्तर पर यातायात प्रभावित हुआ और ट्रेनों एवं उड़ानों में देरी हुई। दिल्ली हवाई अड्डे ने यात्रियों को उड़ान के समय और जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइंस से संपर्क करने की सलाह दी। हवाई अड्डे ने बताया कि कोहरे की स्थिति के कारण सीएटी-3 स्थितियों में बदलाव के कारण देरी हो सकती है। खास बात यह है कि सीएटी-3 प्रणाली बहुत कम या लगभग शून्य दृश्यता में भी विमानों को उतरने की अनुमति देता है। गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और बहादुरगढ़ जैसे एनसीआर शहरों की बात करें तो कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से सुबह के समय काम पर जाने वाले लोगों को परेशानी हुई। इस बीच, मंगलवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो मौसम के औसत से थोड़ा ज़्यादा था। शांत हवाओं के बावजूद लोगों को ठंड महसूस कर रहे हैं। भारतीय मौसम विज्ञान संस्थान के पूर्वानुमान के अनुसार, कम तापमान और मौसम की स्थितियों के कारण वायु गुणवत्ता सूचकांक थोड़ा बढ़ सकता है, हालांकि यह अभी खराब श्रेणी में है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, शहर का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक सुबह 10 बजे 260 के सूचकांक के साथ खराब श्रेणी में बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार, रात में धुंध और हल्का कोहरा छाया रह सकता है, जबकि दिन के दौरान अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने बुधवार के लिए भी इसी तरह के मौसम की स्थिति का पूर्वानुमान जताया है। इस बीच आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और कई जगहों पर हल्का कोहरा रहेगा, जबकि शहर में सुबह के समय कुछ जगहों पर घना कोहरा भी छाने के आसार हैं।




## सुप्रीम कोर्ट बोला, मेटा-वॉट्सएप कानून मानें या भारत छोड़ें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मेटा और वॉट्सएप को उनकी प्राइवेसी पॉलिसी पर कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि हम आपको एक भी जानकारी शेयर करने की इजाजत नहीं देंगे। आप इस देशवासियों के अधिकारों के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, यदि आप हमारे संविधान का पालन नहीं कर सकते, तो भारत छोड़ दें। हम नागरिकों की प्राइवेसी से समझौता नहीं होने देंगे। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पांचोली की बेंच मेटा की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। यह याचिका वॉट्सएप की 2021 प्राइवेसी पॉलिसी से जुड़ी है, जिसमें कंपटीशन कमीशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) ने नवंबर 2024 में मेटा पर 213.14 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। इसे राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने बरकरार रखा था। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने याचिका में द्धञ्ज मंत्रालय को भी पक्षकार बनाने को कहा है। कोर्ट 9 फरवरी को अंतरिम आदेश देगा। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि देश में लोगों के प्राइवेसी के अधिकार की कड़ी सुरक्षा की जाती है। कोर्ट ने कहा कि इन एप्स में गोपनीयता से जुड़ी शर्तें इतनी चालाकी से लिखी जाती हैं कि आम आदमी उन्हें समझ ही नहीं पाता।

## लोकसभा में राहुल के भाषण पर लगातार दूसरे दिन हंगामा

### नरवणे पर आर्टिकल दिखाया, तो स्पीकर ने रोका, पेपर उछालने वाले 8 विपक्षी सांसद निलंबित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में राहुल गांधी की स्पीच पर लगातार दूसरे दिन हंगामा हुआ। राहुल ने मंगलवार दोपहर 2 बजे पूर्व आर्मी चीफ की अनपब्लिश्ड बुक के आर्टिकल को सदन में पेश किया। कहा- मुझे बोलने दिया जाए। उनके यह कहते ही एनडीए के सांसदों ने टोकना शुरू कर दिया। आज वे 14 मिनट तक बोलने की कोशिश करते रहे। इस बीच हंगामा तेज होता गया। राहुल ने सोमवार को भी 46 मिनट तक अपनी बात कहने की कोशिश की थी। आज हंगामा बढ़ने पर स्पीकर कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने राहुल को रोका और दूसरी पार्टियों के सांसदों को बोलने को कहा, लेकिन राहुल के समर्थन में सपा सांसद नरेश उत्तम पटेल, सीएमसी सांसद शताब्दी रॉय और डीएमके सांसद डी एम कातिर आनंद ने बोलने से इनकार कर दिया। विपक्षी सांसद नारेबाजी करते वेल में पहुंच गए। स्पीकर पीठासीन कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी की चेयर की तरफ विपक्षी सांसदों ने पेपर उछाले। इसके बाद कार्यवाही स्थगित कर दी गई। इसके बाद पीठासीन दिलीप सैकिया ने 8 सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया।

लोकसभा स्पीकर उस सांसद के नाम का ऐलान कर सकते हैं, जिसने आसन की मर्यादा तोड़ी हो या नियमों का उल्लंघन किया हो और जानबूझकर सदन की कार्यवाही में बाधा पहुंचाई हो।जब स्पीकर ऐसे सांसदों के नाम का ऐलान करते हैं, तो वह सदन के पटल पर एक प्रस्ताव रखते हैं। प्रस्ताव में हंगामा करने वाले सांसद का नाम लेते हुए उसे सस्पेंड करने की बात कही जाती है।इसमें सस्पेंशन की अवधि का जिक्र होता है। यह अवधि अधिकतम सत्र के खत्म होने तक हो सकती है। सदन चाहे तो वह किसी भी समय इस प्रस्ताव को रद्द करने का आग्रह भी कर सकता है। 5 दिसंबर 2001 को रूल बुक में एक और नियम जोड़ा गया है। इसे ही रूल 374ए कहा जाता है। यदि कोई सांसद स्पीकर के आसन के निकट आकर या सभा में नारे लगाकर या अन्य प्रकार से कार्यवाही में बाधा डालकर जानबूझकर नियमों का उल्लंघन करता है तो उस पर इस नियम के तहत कार्रवाई की जाती है। सदन में व्यवधान पैदा करने के लिए सस्पेंड किए गए सांसद को पूरा वेतन मिलता है। केंद्र में लगातार सरकारों द्वारा 'काम नहीं, वेतन नहीं' की नीति दशकों से विचाराधीन है। हालांकि इसे अभी तक पेश नहीं किया गया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी समेत अन्य विपक्षी सांसदों ने लोकसभा से 8 सांसदों को निलंबित करने, अमेरिका-भारत ट्रेड डील, एपस्टीन समेत अन्य मुद्दों पर सदन के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने हाउडी मोदी-सरेंडर मोदी, नरेंद्र मोदी-सरेंडर मोदी, मोदी ट्रम्प-भाई भाई, देश बेचकर खाई मलाई और किसान विरोधी-नरेंद्र मोदी के नारे लगाए।



## युमनाम खेमचंद बनेंगे मणिपुर के नए सीएम भाजपा विधायक दल की बैठक में फैसला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मणिपुर में आगामी 12 फरवरी को राष्ट्रपति शासन खत्म होना वाला था। इससे पहले ही एनडीए में सरकार बनाने को लेकर कवायद तेज हो गई थी। इस बीच भाजपा विधायक दल की बैठक में मंगलवार को युमनाम खेमचंद को विधायक दल का नेता चुना गया। इसी के साथ युमनाम खेमचंद के मणिपुर के नए मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है। मणिपुर में फिर से सरकार बनाने के लिए भाजपा के विधायक सोमवार को ही दिल्ली पहुंच गए थे। वहीं, राष्ट्रपति शासन की अवधि खत्म होने से ठीक पहले भाजपा ने पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ को राज्य का केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। मणिपुर में हिंसा भड़कने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से ही करीब एक साल तक मुख्यमंत्री पद खाली रहा। युमनाम खेमचंद सिंह मणिपुर की सिंगजामेई विधानसभा सीट से दो बार के विधायक हैं। वह मणिपुर विधानसभा के स्पीकर भी रहे हैं। 2022 में युमनाम खेमचंद को बीरेन सिंह सरकार में कैबिनेट मंत्री का पद दिया गया था। मणिपुर में 13 फरवरी 2025 को पहली बार छह महीने के लिए राष्ट्रपति शासन लगाया गया था, अगर अब भी सरकार का गठन नहीं हो पाता, तो केंद्र सरकार को संसद के बजट सत्र के दौरान राष्ट्रपति शासन बढ़ाने के लिए दोनों सदनों में वैधानिक प्रस्ताव लाना पड़ता।

# आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन का चौथा स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया





**लखनऊ सुपरफास्ट खैराबाद, सीतापुर।** विशुन नगर चौराहा, खैराबाद स्थित आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन का चौथा स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एएसपी उत्तरी आलोक सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर भारत माता एवं मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई। समारोह में उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा स्वागत गीत, कहानी, भजन एवं नृत्य जैसी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एएसपी उत्तरी आलोक सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता, डॉ. रजनीश मिश्रा, हरी शंकर गुप्ता एवं मो. सलीम ने फाउंडेशन के कार्यों की प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा कि आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन स्थापना के बाद से ही जनपद में दिव्यांगजनों, निराश्रितों एवं जरूरतमंदों तक विभिन्न सुविधाएं पहुंचाने का सराहनीय कार्य कर रहा है। इस अवसर पर रामू एवं सुभाष चंद्र को ट्राई मोटरसाइकिल प्रदान की गई, वहीं दिव्यांगजन, अनाथ, निराश्रित महिलाएं, वृद्धजन एवं बच्चों को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि एएसपी आलोक सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आप लोग प्रकृति से जो चीज हो गई हैं उससे घबराने की जरूरत नहीं है उदाहरण के लिए स्टॉकिंग हॉकिंग जैसे वैज्ञानिक 90 त्न दिव्यांग होने पर भी वर्ल्ड में नाम है ।समाज के लोग से अपील करता हूं कि दिव्यांग जनों को प्राथमिकता के आधार पर सहयोग करें। और मैं हमेशा दिव्यांगजनों की सेवा में तत्पर हैं। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने कहा कि संस्था समाज को मजबूत एवं सशक्त बनाने के साथ-साथ रोजगार उपलब्ध कराने और लोगों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। संस्था द्वारा समय-समय पर सांस्कृतिक, सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों का आयोजन कर दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पाल, गुड्डू, हरिलाल, रामचंद्र मौर्य, अनीता, मोमिना, रोशन सहित बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं निराश्रित महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में संस्था की प्रबंधक/सचिव बिन्दू मौर्या ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ समारोह का समापन हुआ। अंत में सभी आगंतुकों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई।

# एसआर ग्रुप में फाउंडर्स डे की धूम

**हर्षोल्लास के साथ मनाया गया एमएलसी पवन सिंह चौहान का जन्मदिन**



**रणजीत सिंह/लखनऊ।** बक्शी का तालाब, सीतापुर रोड स्थित प्रतिष्ठित एस आर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आज संस्थापक दिवस (Founders Day) अत्यंत भव्यता के साथ मनाया गया। यह अवसर तब और भी खास हो गया जब संस्थान के चेयरमैन एवं सीतापुर से एमएलसी पवन सिंह चौहान का जन्मदिन पूरे परिसर में उत्सव के रूप में मनाया गया। सुबह से ही फूलों की महक और रोशनी से सजे संस्थान में एक अलग ही ऊर्जा और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का सबसे भावुक और प्रेरणादायक क्षण चेयरमैन पवन सिंह चौहान जी के जीवन पर आधारित ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति रही। इस फिल्म के माध्यम से दिखाया गया कि कैसे एक साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर, चाय बेचने जैसे शुरुआती संघर्षों को पार करते हुए, उन्होंने एक विशाल शैक्षिक साम्राज्य और सफल राजनीतिक करियर स्थापित किया। इस सफर ने वहां मौजूद हजारों युवाओं और शिक्षकों की आंखों में गर्व और प्रेरणा के भाव भर दिए। इस गौरवशाली अवसर पर चेयरमैन महोदय के साथ उनका पूरा परिवार–वाइस चेयरमैन पीयूष सिंह चौहान, वाइस चेयरपर्सन श्रीमती निर्मला सिंह चौहान, दामाद डॉ. वैष्णव सिंह, पुत्री डॉ. पल्लवी सिंह और वाइस चेयरपर्सन श्रीमती सुष्मिता सिंह चौहान मौजूद रहे। संस्थान के समस्त विभागों के अधिकारियों और फैकल्टी सदस्यों ने पवन सिंह चौहान जी के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किए और उनके दीर्घायु होने की कामना की। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा से समां बांध दिया। रंगारंग नृत्य, देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों और शिक्षा व संस्कार पर आधारित नाटकों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों के इस प्रदर्शन में अपने मार्गदर्शक (Founder) के प्रति गहरा सम्मान साफ झलक रहा था। समारोह का समापन एक विशाल तहरी भोज के साथ हुआ, जिसमें छात्र, अभिभावक, क्षेत्रीय नागरिक और कर्मचारी सहित 8000 से अधिक लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन किया। यह दृश्य सामाजिक समरसता और एसआर परिवार की एकता का जीवंत प्रमाण बना। इस अवसर पर श्री पवन सिंह चौहान जी ने सभी का आभार जताते हुए कहा, हमारा लक्ष्य केवल डिग्री बांटना नहीं, बल्कि ऐसे युवाओं का निर्माण करना है जो संस्कारों से युक्त हों और राष्ट्र निर्माण में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकें।

# जौनपुर कोतवाली परिसर में दो पक्षों का बवाल, महिलाओं में भी हुई झड़प

**➲ हालात काबू में करने को पीएसी तैनात लाइव तस्वीर आया सामने**




**जौनपुर।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ईरानी मोहल्ले में दो गुटों के बीच अचानक विवाद भड़क उठा, जो देखते ही देखते मारपीट और हंगामे में तब्दील हो गया। हालात इतने बिगड़ गए कि कोतवाली गेट के बाहर और परिसर के अंदर तक अफरातफरी का माहौल बन गया। इस दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और महिलाओं के बीच भी डंडों व चप्पलों से झड़प होने की बात सामने आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कोतवाली परिसर कुछ समय के लिए जंग के मैदान जैसा नजर आया। बढ़ते हंगामे को देखकर मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी भी स्थिति संभालने में परेशान दिखाई दिए। विवाद की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था के तहत पीएसी को मौके पर बुलाया गया। एक पक्ष की ओर से अकरम नामक व्यक्ति ने बताया कि विवाद की जड़ पुरानी रंजिश है। उनके अनुसार गोलीकांड से जुड़े एक मामले में न्यायालय में गवाही चल रही है, जिसमें दूसरे पक्ष के लोग पूर्व में जेल भी जा चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी रंजिश के चलते पहले भी कई बार उन पर हमला किया जा चुका है। हाल ही में एक निजी अस्पताल में भी उनके साथ मारपीट की घटना हुई थी, जहां पुलिस के पहुंचने पर आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पीड़ित पक्ष की महिलाओं ने मीडिया से बातचीत में आरोप लगाया कि उनके साथ मारपीट की गई, लेकिन पुलिस ने उनके ही परिवार के लोगों को बैठा लिया है। महिलाओं का कहना है कि पुलिस उन्हें घर से बाहर न निकलने की हिदायत दे रही है। फिलहाल हालात को देखते हुए कोतवाली पुलिस मामले में आधिकारिक बयान देने से बचती नजर आ रही है। क्षेत्र में तनाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

# कैंसर से बचाव को आओ जांच कराएं, निर्मल नगर में आयोजित होगा विशेष जांच शिविर

**सदर विधायक योगेश वर्मा करेंगे शिविर का शुभारंभ**



**सर्वेश शुक्ला ब्यूरो, प्रभारी उत्तरप्रदेश लखीमपुर खीरी।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जनपद में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव एवं समय रहते पहचान को लेकर विशेष पहल की जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 4 फरवरी 2026 को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, निर्मल नगर में एक वृहद कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक संचालित रहेगा। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सर्वाइकल (गर्भाशय) कैंसर, स्तन कैंसर एवं मुख (ओरल) कैंसर की निःशुल्क स्क्रीनिंग की जाएगी। साथ ही कैंसर से बचाव हेतु जन-जागरूकता भी की जाएगी, ताकि लोग प्रारंभिक लक्षणों को पहचान सकें और समय पर उपचार ले सकें।

शिविर में आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा, सामान्य ओपीडी सेवाएं, हाइपरटेंशन एवं डायबिटीज की जांच भी की जाएगी। डॉ. गुप्ता ने बताया कि सभी जांच एवं परामर्श निःशुल्क उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर सदर विधायक योगेश वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। सीएमओ ने जनपदवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस शिविर का लाभ उठाएं और स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाएं।

# भाजपा पर मतदाता कटवाने का आरोप, सपा ने डीएम को सौंपा 6 सूत्रीय ज्ञापन



**वसीम रज़ा ब्यूरो चीफ़ लखनऊ सुपर फ़ास्ट गाजीपुर।** समाजवादी पार्टी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि बूथ प्रभारियों पर दबाव डालकर भारत निर्वाचन आयोग के एसआईआर कार्यक्रम के तहत जबरन प्रपत्र-7 भरवाकर विपक्षी दलों और एक जाति विशेष के मतदाताओं के नाम कटवाए जा रहे हैं। इस मुद्दे पर सपा जिलाध्यक्ष गोपाल यादव के नेतृत्व में पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी गाजीपुर अविनाश कुमार को 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा और दोषी बीएलओ व ईआरओ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने कहा कि कई बूथों पर जिम्मेदार अधिकारी पहुंचे ही नहीं, जिससे स्थानीय मतदाताओं को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि साक्ष्य देने के बावजूद वैध मतदाताओं के नाम नहीं जोड़े जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सपा जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने कहा कि भाजपा चुनावी कदाचार पर उतर आई है। एक ओर निर्वाचन आयोग मतदाता सूची को दुरुस्त कर रहा है, वहीं भाजपा आम नागरिकों के मतदान के मौलिक अधिकार को छीनने की साजिश रच रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि सपा भाजपा की इस साजिश को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगी और जनता के सामने उसका असली चेहरा बेनकाब करेगी। विधायक डॉ. वीरेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र और संविधान में विश्वास खो चुकी है और चोरी-हेराफेरी के सहारे सत्ता में बने रहना चाहती है। विधायक जयकिशन साहू और सुहैब अंसारी उर्फ मन्नू अंसारी ने भी भाजपा की कथित हरकतों की कड़ी निंदा की। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव राजेश कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, डॉ. नन्हकू यादव, शिवशंकर यादव, विजय बहादुर यादव, सुशील जायसवाल, अरुण कुमार श्रीवास्तव, सुभाष यादव 'गुड्डू', मुन्नीलाल राजभर, तहसीन अहमद, असलम हुसैन, अवधेश यादव, बिंदु बाला बिंद, अनिल कुमार यादव, दिनेश यादव, राजेंद्र यादव, गोवर्धन यादव, शेर अली राइन, रीना यादव, अवनीश विद्यार्थी, राजेश यादव, अभिषेक कुशवाहा, रजनीकांत यादव, डॉ. समीर सिंह, आदित्य यादव, राकेश यादव, छन्नू यादव, अवधेश कुशवाहा, अनिल यादव सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हस्तशिल्प मेला में सरस्वती विद्या मन्दिर ने सामान्य ज्ञान और नृत्य प्रतियोगिता में मारी बाजी



**सर्वेश शुक्ला ब्यूरो, प्रभारी उत्तरप्रदेश लखीमपुर खीरी।** रोटरी क्लब द्वारा आयोजित हस्तशिल्प मेला 2026 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर यू0पी0 बोर्ड के भैया-बहनों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। मेले के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालय के छात्रों ने बौद्धिक और सांस्कृतिक, दोनों ही क्षेत्रों में अपनी छाप छोड़ी। सीनियर वर्ग की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विद्यालय के भैया बहनों का पूर्ण दबदबा रहा, जहाँ उन्होंने प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय और तृतीय, तीनों मुख्य स्थानों पर कब्जा जमाकर अपनी मेधा का परिचय दिया। केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि कला के क्षेत्र में भी विद्यालय की बहनों ने अपनी कुशलता सिद्ध की। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में मनमोहक प्रस्तुति देते हुए बहनों की टोली ने तृतीय स्थान प्राप्त कर दर्शकों और निर्णायक मंडल की खूब प्रशंसा बटोरी। भैया बहनों की इस दोहरी सफलता पर विद्यालय प्रबंधन और प्रधानाचार्य ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की




**औरैया ब्यूरो दिलीप कुमार।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में अर्हता तिथि 01.01.2026 की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्ष/प्रतिनिधियों को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 से सम्बन्धित आयोग द्वारा जारी किये गये कार्यक्रम के संबंध में अवगत कराया कि आयोग द्वारा दावा तथा आपत्तियां दाखिल किये जाने की दिनांक 06.01.2026 से दिनांक 06.02.2026 निर्धारित की गई है। नोटिस जारी किये जाने सुनवाई एवं सत्यापन एवं दावे आपत्तियों का निस्तारण एवं गणना प्रपत्रों पर ई0आर0ओ0 द्वारा निर्णय किये जाने को अवधि दिनांक 06.01.2026 से दिनांक 27.02.2026 तक, मतदाता सूचियों के निर्धारित मापदण्डों की जांच करते हुए आयोग द्वारा अन्तिम प्रकाशन की अनुमति प्राप्त हो जाने के उपरान्त निर्वाचक नामावली का अन्तिम प्रकाशन दिनांक 06.03.2026 को किया जायेगा। उन्होने बताया कि दिनांक 01 जनवरी, 2026 को जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो गयी है ऐसे अर्ह व्यक्ति अपना फार्म 6 घोषणा पत्र सहित भरकर सम्बन्धित बी0एल0ओ0 को देकर मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करा सकते हैं। यदि किसी का नाम मतदाता सूची में डुप्लीकेट व मृतक अथवा अनुपस्थित है तो फार्म 7 भरकर संबंधित बी0एल0ओ0 को दिया जा सकता है ताकि ऐसे मतदाताओं के विलोपन की कार्यवाही नियमानुसार की जायेगी। मतदाता के किसी प्रविष्ट में फोटो संशोधन फार्म 8 भरकर सम्बन्धित बी0एल0ओ0 को दिये जा सकते है। फार्म-6,7 व 8 ECINET Mobile App ए व https://voters.eci.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भी किये जा सकते है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि ऐसे व्यक्ति जो दिनांक 01 अप्रैल 2026, 01 जुलाई 2026 व 01 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है उनके फार्म-6 अग्रिम रूप से प्राप्त कराये जा सकते है अर्ह तिथि प्राप्त होने पर सम्बन्धित का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किया जायेगा। जिन मतदाताअें की वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग नहीं हुई उन मतदाताओं को नोटिस निर्गत कर सुनवाई की कार्यवाही जनपद के 14 स्थलों पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा की जा रही है. परन्तु अधिकांश मतदाता उपस्थित नहीं हो रहे है ऐसे मतदाताओं के लिए न्याय पंचायत/मतदान केन्द्र स्तर पर कैम्प लगाये जा रहे हैं, सभी राजनैतिक स्वय एवं बीएलए द्वारा ऐसे मतदाताओं के अभिलेख अपलोड करने हेतु सुनवाई स्थल/न्याय पंचायत /मतदान केन्द्र स्थल पर उपस्थिति कराये ताकि अधिक से अधिक मतदाताओं के अभिलेखों का सत्यापन किया जा सके।

# लखीमपुर गौरव सम्मान से सम्मानित किए गए समाजसेवी राम मोहन गुप्त



**सर्वेश शुक्ला ब्यूरो, प्रभारी उत्तरप्रदेश लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार फाउंडेशन ट्रस्ट, सोलर उपभोक्ता फोरम एवं इंटरनेशनल नवोदयन एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वूगी वूगी महोत्सव 2026 में नगर के समाजसेवी साहित्यकार राम मोहन गुप्त को लखीमपुर गौरव सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया।स्थानीय नसीरुद्दीन मौजी स्मारक सभागार (विलोबी मैदान) में आयोजित किए गए वूगी वूगी महोत्सव के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं समाजसेवा के क्षेत्र में अपूर्व योगदान करने के लिए राम मोहन गुप्त को वूगी वूगी महोत्सव एवं सुपर रूफटॉप सोलर एक्सपो के मुख्य संयोजक डॉ आर सी पारस, सुप्रसिद्ध चित्रकार सलीम सर द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर गुरजीत अजमानी, हीरा सिंह, मयूरी नागर, रश्मि महेंद्रा, रंगकर्मी चित्रकार संजीव गुप्ता, अरविंद ओझा, अजय श्रीवास्तव, विशाल शुक्ला, डा अबरार खान, शिवपूजन लाल सेन, सलीम बेग, प्रगट सिंह सहित भारी संख्या में अतिथि एवं दर्शक उपस्थित रहे।

# थाना अजीतमल व एस0ओ0जी0/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 01 अंतरजनपदीय मादक पदार्थ तस्कर 8.210 कि0ग्रा0 चरस (अंतर्राष्ट्रीय अनुमानित कीमत लगभग 41 लाख रूपये) सहित गिरफ्तार




**औरैया ब्यूरो दिलीप कुमार।** श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक औरैया व अपर पुलिस अधीक्षक औरैया तथा क्षेत्राधिकारी अजीतमल के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 03.02.2026 को थाना अजीतमल व एस0ओ0जी0/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा शांति व्यवस्था के दृष्टिगत रात्रि गस्त में सदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग के दौरान फूलपुर फूटा कुआं से टोल होते हुये सुरांयदा ओबर ब्रिज की ओर जा रहे थे तभी बाला जी होटल के पास हाईवे पर एक सदिग्ध व्यक्ति को एक कपडे का थैला लिये दिखायी दिया तथा पुलिस वाहन को देखकर खडे ट्रक की आड मे छिपने लगा तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति को नियमानुसार रोक कर कडाई से पुछताछ की गई तो उक्त व्यक्ति द्वारा बताया गया कि थैले मे चरस है इसलिये छिप रहा था। उक्त प्रकरण के संबंध मे तत्काल श्रीमान क्षेत्राधिकारी अजीतमल को सूचना दी गई क्षेत्राधिकारी अजीतमल श्री मनोज कुमार गंगवार मौके पर पहुंच गए जिनके निर्देशन मे थाना अजीतमल व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त मादक पदार्थ तस्कर- दामोदर प्रसाद को सुबह करीब 05.51 बजे गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से करीब 8.210 कि0ग्रा0 चरस बरामद की गयी। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना अजीतमल पर धारा 8/20 स्वापक औषधि और मनःप्रभावी अधिनियम 1985 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

# टिकरिया औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस चौकी का लोकार्पण

**फैक्ट्री क्षेत्र और आसपास के गांवों की सुरक्षा होगी मजबूत**



**माता प्रसाद शुक्ला जिला संवाददाता अमेठी।** गौरीगंज स्थित टिकरिया औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार को एक नई पुलिस चौकी का लोकार्पण किया गया। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने इस चौकी भवन का उद्घाटन किया। इसका उद्देश्य औद्योगिक क्षेत्र और आसपास के गांवों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। इस पुलिस चौकी के शुरू होने से औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों और स्थानीय ग्रामीणों को सुरक्षा संबंधी मामलों में त्वरित सहायता मिल सकेगी। चौकी पर एक उपनिरीक्षक सहित कुल चार पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। ये पुलिसकर्मी फैक्टरी क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ आसपास के गांवों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार होंगे। किसी भी दुर्घटना या आपराधिक घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई कर सकेगी। स्थानीय निवासियों का मानना है कि पुलिस चौकी खुलने से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल बेहतर होगा और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगेगा। पहले छोटी घटनाओं की सूचना देने के लिए दूर जाना पड़ता था, लेकिन अब चौकी पास होने से समय पर मदद उपलब्ध होगी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह, क्षेत्राधिकारी अखिलेश वर्मा और निरीक्षक श्याम नारायण पांडेय सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि चौकी के माध्यम से क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाएगी और औद्योगिक क्षेत्र के साथ-साथ गांवों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी।

**पत्रकार पर पुलिस की दबंगई**

# रिपोर्टिंग के दौरान पुलिस ने मोबाइल छीना गालियाँ दीं, जेल भेजने की धमकी



**फर्रुखाबाद, विश्व प्रकाश चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जनपद फर्रुखाबाद में एक दैनिक समाचार पत्र के क्राइम रिपोर्टर के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा की गई बदसलूकी ने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 03 फरवरी 2026 को सुबह लगभग 11 बजे, थाना कोतवाली फर्रुखाबाद क्षेत्र के मोहल्ला नालिया दरवाज़ा के पास पत्रकार रिपोर्टिंग कर रहा था इसी दौरान उसने पुलिस के दो सिपाहियों द्वारा दो व्यक्तियों की खुलेआम पिटाई किए जाने का वीडियो बनाना शुरू किया। वीडियो बनते ही पुलिसकर्मी उग्र हो गए और पत्रकार से अभद्र भाषा में सवाल-जवाब करने लगे।जब पत्रकार की पत्नी ने इसका विरोध किया,तो पुलिसकर्मियों ने मां-बहन की गालियाँ दीं। आरोप है कि इसके बाद दबंग सिपाहियों ने जबरन पत्रकार का मोबाइल छीन लिया, वीडियो डिलीट कर दी और मोबाइल को जमीन पर पटक दिया। इतना ही नहीं, पत्रकार और उसकी पत्नी के साथ लात-घूंसे व थप्पड़ों से मारपीट की गई तथा झूठे मुकदमे में जेल भेजने की धमकी देकर उन्हें मौके से भगा दिया गया। पीड़ित पत्रकार जब न्याय की उम्मीद लेकर थाना कोतवाली फर्रुखाबाद पहुंचा, तो वहां भी उसे और उसकी पत्नी को थाने से भगा दिया गया। इससे यह स्पष्ट होता है कि पूरे मामले में संबंधित पुलिसकर्मियों को किसी न किसी स्तर पर संरक्षण प्राप्त है। यह घटना केवल एक पत्रकार के साथ मारपीट का मामला नहीं है, बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। सवाल यह है कि जब सच दिखाने वाला कैमरा ही पुलिस को चुभने लगे, तो आम जनता की आवाज कौन उठाएगा? अब यह देखना होगा कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिलाधिकारी एवं शासन इस गंभीर प्रकरण में दोषी पुलिसकर्मियों पर क्या कार्रवाई करते हैं, या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में दबा दिया जाएगा।गौरतलब है कि इससे पहले भी फर्रुखाबाद सहित प्रदेश के कई जनपदों में पत्रकारों के साथ पुलिस की अभद्रता और मारपीट के वीडियो सामने आ चुके हैं, लेकिन उच्च अधिकारियों की निष्क्रियता के चलते ऐसे मामलों में ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती। इस घटना को लेकर पत्रकार संगठनों और जनमानस में भारी आक्रोश है। दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ तत्काल निलंबन, एफआईआर दर्ज कराने और निष्पक्ष जांच की मांग जोर पकड़ रही है।

# संपादकीय

## अमरीका में भारतीयों के बुरे दिन

2023 में अमरीका के कोलेरेडो विश्वविद्यालय में एक दम्पति, आदित्य प्रकाश और उर्मि भट्टाचार्य पीएच.डी. कर रहे थे। वे वहां अपना लंच ओवन में गर्म कर रहे थे। खाने में पालक-पनीर था। लेकिन विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने उन्हें खाना गर्म करने से रोक दिया। उनका कहना था कि इसमें से बदबू आ रही है, इसलिए इसे यहां गर्म नहीं किया जा सकता। यह भी कि हम तो यहां ब्रोकली भी गर्म नहीं करने देते। इस बात की शिकायत विश्वविद्यालय प्रशासन से की गई। उर्मि वहां शिक्षिका भी थीं। उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया। दोनों को पीएच.डी. की डिग्री भी नहीं दी गई। तब इन दोनों ने न्यायालय में शिकायत की कि मामूली-सी बात को इतना बड़ा बना दिया गया। उन्हें तरह-तरह से तंग किया गया और डिग्री भी नहीं मिली। अदालत ने प्रशासन को आदेश दिया कि इस दम्पति को दो लाख डालर मुआवजे के रूप में दे। उनकी पीएच.डी. की डिग्री भी दी गई। लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने हमेशा के लिए अपने यहां उन्हें बैन कर दिया। जिस मामले में इन दोनों का कोई दोष नहीं था, उसके लिए इन्हें इस तरह के भेदभाव का सामना करना पड़ा। याद रहे कि यह ट्रम्प के दोबारा सत्ता में आने से पहले की बात है। इन दिनों वहां प्रशासन लगातार भारतीयों पर हमलावर है। कहा जा रहा है कि नौकरियां सिर्फ अमरीकी लोगों को ही दी जाएं। इनमें भी बिना कहे गोरों को प्राथमिकता दी जाए। पिछले दिनों टैक्सास विश्वविद्यालय में भी ऐसी ही गाइडलाइंस भेजी गई। अब तक लोग समझ रहे थे कि एच1 बी वीजा के शिकार सिर्फ आई.टी. सैक्टर के लोग ही बनेंगे, मगर अब यूनिर्वसिटीज भी इससे नहीं बच रहीं। जिस अमरीका ने पूरी दुनिया को अस्मिता मूलक विमर्श के चश्मे से देखने की आदत डाल दी, अब वही इससे पांव खींच रहा है। वे इस बात को मानने के लिए तैयार ही नहीं हैं कि यदि अमरीका में लोग इतने ही मेहनती होते, तो बाहर के लोगों को बुलाने की जरूरत ही क्यों पड़ती। कुछ समय पहले बिल गेट्स ने कहा था कि अगर हम भारतीयों को रोकेंगे, तो वे अपना गूगल खुद बना लेंगे। लेकिन नफ़रती नेताओं को यह बात भला क्यों समझ में आने लगी। प्रशासन की शह पाकर इन दिनों अमरीका में भारतीयों के खिलाफ लगातार घृणा फैलाई जा रही है। उन पर हमले बोले जा रहे हैं। पीछा किया जा रहा है। बच्चों को स्कूलों में परेशान किया जा रहा है। लोग दीवाली मनाने की शिकायत कर रहे हैं। भारतीयों के खिलाफ नारे लगाए जा रहे हैं कि अपने देश वापस जाओ। उनके बारे में तरह-तरह के दुष्प्रचार किए जा रहे हैं कि वे गोबर खाते हैं। गौ मूत्र पीते हैं। वे अमरीका को बर्बाद करने के लिए आए हैं। यह कोई नई बात नहीं है। कई साल पहले पोलैंड में घूमते एक भारतीय को एक अमरीकी ने रोककर कहा था कि तुम यहां भी आ पहुंचे। अपने देश वापस जाओ। दरअसल जब सरकारों के पास अपने वोटरों को देने के लिए कुछ नहीं होता, तो वे वैमनस्य के विचारों और नारों को हवा देती हैं। लोगों को एक-दूसरे से लड़वाकर नेता चांदी काटते हैं। जोहरान ममदानी जब न्यूयार्क के मेयर का चुनाव जीते, उस समय यह लेखिका न्यूयार्क में ही थी।

## क्या ट्रम्प विश्व युद्ध के भयंकर परिणामों से परिचित हैं?

ट्रम्प की 'बाडी-लैंग्वेज' से तो नहीं लगता कि उन्हें युद्ध के भयानक परिणामों का ज्ञान हो। यह तो ठीक है कि अमरीका की 'राजनीतिक-दादागिरी' सब देशों पर भारी है लेकिन विश्व के राजनेता उन देशों की लिस्ट तो निकाल कर पढ़ें जिन्हें अमरीका की दादागिरी ने तबाह कर दिया। अमरीका की विस्तारवादी राजनीति आज दुनिया को तृतीय विश्व युद्ध की ओर धकेल रही है। वेनेजुएला, जो एक 'प्रभुसत्ता-सम्पन्न' राष्ट्र है, उसके राष्ट्रपति और उनकी धर्मपत्नी को हाथों-पैरों में बेडियां डाल कर अमरीका की खतरनाक जेल में बंद कर देना, एक घृणित दादागिरी है। भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफइसलिए लगाया कि भारत अपनी तेल आपूर्ति के लिए, रूस से पैट्रोल-डीजल खरीद रहा है। एक अन्य देश 'ग्रीनलैंड' पर इसलिए अमरीका अपना कब्जा जमाना चाहता है क्योंकि 'ग्रीनलैंड' की सीमा अमरीका से लगती है। तेल की खातिर ईरान में आग लगा रखी है। आज तक 2500 लोग ईरान के इन दंगों में अपनी जान गंवा चुके हैं। अमरीका ईरान में उपद्रवियों की पीठ थपथपा रहा है। डोनाल्ड ट्रम्प का ताली बजाना, दोनों मुट्ठियों को बंद कर हवा में लहराना यही इंगित करता है कि आज दुनिया में कोई अमरीका का मुकाबला नहीं कर सकता। अमरीका थानेदार है और दुनिया को उसका हुक्म मानना ही होगा। जो नहीं मानेगा, उस देश का हाल 'वेनेजुएला' जैसा होगा। अमरीका ने अपनी तेल की भूख मिटाने के लिए रूस-यूक्रेन युद्ध में घी डाल रखा है। दुनिया सुन रही है कि ट्रम्प 'रूस-यूक्रेन' युद्ध को समाप्त करने के लिए 'मध्यस्थ' की भूमिका निभा रहे हैं लेकिन ट्रम्प 'रूस-यूक्रेन' युद्ध को समाप्त क्यों करवाएंगे? ट्रम्प भारत के विरुद्ध बंगलादेश और पाकिस्तान की पीठ थपथपा रहे हैं। पाकिस्तान के 'फील्ड-मार्शल' मुनीर को राष्ट्रपति भवन में रात्रि भोज दे रहे हैं। तीनों देशों-भारत बंगलादेश और पाकिस्तान को एक-दूसरे से लड़ाने की योजना बना रहे हैं। यहीं बस नहीं, अमरीका ने झूठे आरोप लगा कर कि ईराक ने 'रासायनिक-औजार' छिपा रखे हैं, ईराक के लोकप्रिय नेता निरपराध सद्दाम हुसैन को फांसी पर लटका दिया था।

# डिजिटल संप्रभुता बनाम डेटा साम्राज्यवाद– व्हाट्सऐप-मेटा, डीपीडीपी एक्ट 2023 और भारतीय संविधान की ऐतिहासिक टकराहट –सुप्रीम कोर्ट की फटकार संविधान नहीं मानते तो भारत छोड़कर जाइए– अगली सुनवाई 9 फ़रवरी 2025

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर भारत इक्कीसवीं सदी में केवल एक विशाल उपभोक्ता बाज़ार नहीं रहा,बल्कि वह अब डिजिटल लोकतंत्र, डेटा संप्रभुता और नागरिक निजता के वैश्विक विमर्श का केंद्र बन चुका है।करोड़ों भारतीय नागरिकों का डिजिटल जीवन,उनकी बातचीत स्वास्थ्य जानकारी,आर्थिक लेन- देन,सामाजिक व्यवहार और वैचारिक झुकाव अब तकनीकी प्लेटफॉर्मों के सर्वरों में दर्ज हो रहा है। ऐसे समय में यह प्रश्न केवल तकनीकी याव्यावसायिक नहीं रह जाता,बल्कि सीधे-सीधे संविधान, मानवाधिकार और राज्य की संप्रभु जिम्मेदारी से जुड़ जाता है। डिजिटल पर्सनल डेटा संरक्षण अधिनियम (डीपीडीपी एक्ट), 2023 इसी ऐतिहासिक ज़रूरत की उपज है, जो यह स्पष्ट करता है कि भारत में किसी भी नागरिक का डेटा अब अनियंत्रित कॉर्पोरेट शक्ति के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि डीपीडीपी अधिनियम 2023 का मूल उद्देश्य केवल डेटा चोरी रोकना नहीं है,बल्कि यह नागरिकों को यह अधिकार देता है कि उनका डिजिटल अस्तित्व भी उतना ही संरक्षित होजितना उनका भौतिक अस्तित्व। यह कानून स्पष्ट करता है कि डेटा किस उद्देश्य से,कितनी सीमा तक और कितनी अवधि के लिए प्रोसेस किया जा सकता है।यह अधिनियम सूचित सहमति को केंद्रीय तत्व बनाता है,ताकि कोई भी कंपनी चाहे वह भारत की हो या विदेशी,यूज़र को मानो या छोड़ो जैसी शर्तों में फँसाकर उसकी निजता का सौदा न कर सके। इस दृष्टि से भारत पहली बार डेटा को केवल आर्थिक संसाधन नहीं,बल्कि संवैधानिक अधिकार के रूप में स्थापित करता दिखता है। इसी पृष्ठभूमि में व्हाट्सऐप और उसकी पैरेंट कंपनी मेटा का मामला केवल एक कंपनी की प्राइवेसी पॉलिसी तक सीमित नहीं रह जाता,बल्कि यह प्रश्न बन जाता है कि क्या वैश्विक टेक कंपनियाँ भारतीय संविधान के दायरे में काम करने को तैयार हैं या नहीं। वर्ष 2021 में व्हाट्सऐप द्वारा लाई गई टेक इट ऑर लीव इट प्राइवेसी पॉलिसी ने भारतीय यूज़र्स को दो ही विकल्प दिए, या तो नई शर्तें स्वीकार करें या सेवा छोड़ दें। यह नीति न केवल असमान शक्ति-संतुलन का उदाहरण थी,बल्कि इसने नागरिकों की वास्तविक सहमति की अवधारणा को भी खोखला कर दिया।भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (एनसीएलएटी) ने नवंबर 2024 में इस नीति को प्रतिस्पर्धा कानून का उल्लंघन मानते हुए मेटा पर 213.14 करोड़ रूपए का जुर्माना लगाया। आयोग का स्पष्ट मत था कि व्हाट्सऐप ने अपनी डॉमिनेंट पोजिशन का दुरुपयोग करते हुए यूज़र्स को ऐसी शर्तें मानने के लिए मजबूर किया, जिनका व्यावसायिक लाभ सीधे मेटा के विज्ञापन मॉडल को जाता था। यह जुर्माना केवल





आर्थिक दंड नहीं था, बल्कि यह एक नियामकीय संदेश था कि भारत में डिजिटल बाज़ार अब फ्री-फॉर-ऑल नहीं रहेगा। हालाँकि,जनवरी 2025 में एनसीएलएटी ने एक विरोधाभासी रुख अपनाया।उसने डॉमिनेंस के दुरुपयोग वाले निष्कर्ष को हटाते हुए भी जुर्माने को बरकरार रखा। यह निर्णय कानूनी दृष्टि से जटिल था,क्योंकि यदि डॉमिनेंस का दुरुपयोग नहीं हुआ, तो फिर जुर्माने का आधार क्या है यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है।

इसी कानूनी असंगति को चुनौती देते हुए मेटा सुप्रीम कोर्ट पहुँची,लेकिन शायद उसे यह अनुमान नहीं था कि यह मामला केवल प्रतिस्पर्धा कानून तक सीमित नहीं रहेगा,बल्कि सीधे भारतीय संविधान की आत्मा से टकराएगा।मंगलवार, 3 फरवरी 2026 को सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई ने इस विवाद को ऐतिहासिक मोड़ दे दिया। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने जिस कठोरता और स्पष्टता से व्हाट्सऐप-मेटा की प्राइवेसी प्रैक्टिस पर सवाल उठाए,उसने यह संकेत दे दिया कि अब अदालत इस मामले को केवल कॉर्पोरेट नीति के रूप में नहीं देख रही। साथियों बात अगर हम 3फरवरी 2026 को हुई सुनाई को गहराई से समझने की करें तो केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर ने जब यह तर्क रखा कि व्हाट्सऐप की प्राइवेसी पॉलिसी शोषणकारी है और यूज़र्स के डेटा का व्यावसायिक उपयोग करती है,तब अदालत की प्रतिक्रिया असाधारण रूप से सख़्त थी।मुख्य न्यायाधीश का कथन अगर हमारे संविधान का पालन नहीं कर सकते तो भारत छोड़कर जाइए किसी भीवैश्विक टेक कंपनी के लिए अब तक की सबसे तीखी न्यायिक चेतावनी मानी जा सकती है।यह कथन केवल भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं था,बल्कि यह भारत की डिजिटल संप्रभुता की स्पष्ट घोषणा थी। अदालत ने यह रेखांकित किया कि कोई भी सेवा प्रदाता भारत में व्यापार तभी कर सकता है, जब वह भारतीय संविधान, मौलिक अधिकारों और नागरिकों की गरिमा का सम्मान करे।अदालत ने यह भी कहा कि व्हाट्सऐप की प्राइवेसी पॉलिसी इतनी चालाकी से तैयार की गई है कि एक आम नागरिक चाहे वह गरीब बुज़ुर्ग महिला हो,सड़क किनारे वेंडर हो या केवल तमिल बोलने वाली ग्रामीण महिला उसके निहितार्थ कभी समझ ही नहीं सकती। यह टिप्पणी भारत की सामाजिक-आर्थिक विविधता को केंद्र में रखती है और यह स्वीकार करती है कि सूचित सहमति केवल अंग्रेज़ी में लिखे लंबे दस्तावेज़ से नहीं आती सहमति तभी वास्तविक मानी जाएगी, जब यूज़र को पूरी तरह यह समझ हो कि उसका डेटा कैसे,क्यों और किसके साथ साझा किया जा रहा है। साथियों बात अगर हम इस सुनवाई को और गहराई से समझने की करें तो सुनवाई के दौरान पीठ के अन्य माननीय जस्टिस ने बहस को और गहराई देते हुए कहा कि डीपीडीपी एक्ट भले ही प्राइवेसी की बात करता हो, लेकिन असली चिंता यूज़र्स की बिहेवियरल टेंडेंसीज़ को लेकर है। उन्होंने स्पष्ट रूप से यह प्रश्न उठाया कि जब डिजिटल फुटप्रिंट का उपयोग ऑनलाइन विज्ञापन और माइक्रो-टार्गेटिंग के लिए किया जा रहा है, तब यह केवल प्राइवेसी का मुद्दा नहीं रह जाता,बल्कि यह मानव व्यवहार के व्यावसायिक दोहन का मामला बन जाता है।यहटिप्पणी वैश्विक स्तर पर फेसबुक- कैम्ब्रिज एनालिटिका जैसे घोटालों की याद दिलाती है, जहाँ डेटा का उपयोग लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने तक में किया गया।मुख्य न्यायाधीश ने स्वयं का उदाहरण देते हुए बताया कि जैसे ही कोई डॉक्टर व्हाट्सऐप पर दवाइयों के नाम भेजता है, कुछ ही मिनटों में उन्हीं दवाओं के विज्ञापन दिखने लगते हैं। यह उदाहरण इस बात की ओर इशारा करता है कि एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन के दावों के बावजूद, मेटाडेटा और व्यवहारिक संकेतों का उपयोग किस हद तक व्यावसायिक प्रोफाइलिंग में किया जा रहा है। यह सवाल केवल तकनीकी नहीं, बल्कि नैतिक और कानूनी भी है।मेटा के वकील ने अदालत में तर्क दिया कि व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए सीमित डेटा शेयरिंग की अनुमति है और कंपनी की नीतियाँ अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हैं।

# तमिलनाडु का राजनीतिक परिदृश्य अभी धुंधला

**कल्याणी शंकर**

जैसे-जैसे तमिलनाडु विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, मुख्य राजनीतिक दलों में 2 गठबंधन प्रमुख हैं–कांग्रेस और वाम दलों के साथ सत्तारूढ़ द्रमुक के नेतृत्व वाला गठबंधन और अन्नाद्रमुक गठबंधन। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन द्रमुक का नेतृत्व करना और इस गठबंधन को बनाए रखना जारी रखे हुए हैं। जे. जयललिता के निधन के बाद अन्नाद्रमुक अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष कर रही है। यह आंतरिक संघर्षों का सामना कर रही है, जो इसकी स्थिरता के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। इस बीच, टी.टी.वी. दिनाकरण, ओ. पनीरसेल्वम और शशिकला के निष्कासन इन मुद्दों को उजागर और अन्नाद्रमुक को प्रभावित करते हैं। वहीं, अभिनेता विजय द्वारा शुरू की गई नई राजनीतिक पार्टियों पर सबका ध्यान जा रहा है। 2004 से सहयोगी होने के बावजूद, कांग्रेस और द्रमुक के बीच संबंधों में हाल ही में कुछ उतार–चढ़ाव देखे गए हैं। अब, 2026 के चुनावों से पहले, कांग्रेस ने सत्ता में हिस्सेदारी की मांग की है, जो उन आंतरिक संघर्षों को उजागर करती है, जो उनकी रणनीतियों को प्रभावित कर सकते हैं। ओ. पनीरसेल्वम को अभी तक ऐसी कोई पार्टी नहीं मिली, जो उन्हें स्वीकार करे। द्रमुक कभी भी सत्ता सांझी करने (पावर–शेयरिंग) पर सहमत नहीं हुई। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और द्रमुक नेता कनिमोझी ने बुधवार को 10 जनपथ पर आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनाव तथा उनकी गठबंधन राजनीति पर चर्चा करने के लिए मुलाकात की लेकिन सीट बंटवारे पर कोई समझौता नहीं हो सका। कांग्रेस सांसद मणिक्कम टैगोर उन लोगों में शामिल थे, जिन्होंने सत्ता में हिस्सेदारी की मांग करते हुए कहा, ''हम सत्ता में हिस्सेदारी के लिए लडना जारी रखेंगे और हम इसे हासिल करेंगे।'' यह कांग्रेस नेताओं के संकल्प को दर्शाता है। राहुल गांधी ने पिछले हफ्ते द्रमुक नेता कनिमोझी के साथ बैठक के दौरान भी यह मुद्दा उठाया था। हालांकि, द्रमुक ने इस विचार को खारिज कर दिया है। द्रमुक ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वह कांग्रेस को कैबिनेट सीट नहीं देगी। हालांकि, इसने गठबंधन जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। द्रमुक कांग्रेस को मनाने के लिए राज्यसभा सीट की पेशकश कर रही है। फ़िर भी, कांग्रेस को बेहतर की उम्मीद है। गठबंधन में अधिक सीटों और शक्ति के लिए पार्टी की मांगें स्थिरता के महत्व और चुनाव परिणामों को आकार देने में गठबंधनों की भूमिका को रेखांकित करती हैं। द्रविड़ पार्टियां अक्सर वोटों के लिए छोटे सहयोगियों पर निर्भर रहती हैं लेकिन सत्ता सांझी करने का विरोध करती हैं। उदाहरण के लिए, पिछले जून में, अन्नाद्रमुक के महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी ने कहा था कि कोई सत्ता–सांझाकरण समझौता नहीं होगा, उनका तर्क था कि गठबंधन सरकारें तमिलनाडु की राजनीतिक संस्कृति के अनुकूल नहीं हैं। उन्होंने एकल–पार्टी शासन के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। एन.डी.ए. की सीट–सांझाकरण योजना नए विचारों की खोज से हटकर उन्हें लागू करने की दिशा में बदलाव दिखाती है। रणनीति में बदलाव करते हुए, एन.डी.ए. अब केवल विस्तार करने की बजाय अधिक सीटें जीतने पर ध्यान केंद्रित करना चाहता है। एन.डी.ए. द्रमुक विरोधी वोट हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिसमें अन्नाद्रमुक मुख्य पार्टी और भाजपा प्रमुख समर्थक के रूप में होगी। एन.डी.ए. ने विधानसभा चुनावों के लिए अपनी संभावनाओं में सुधार किया है। सीटें जीतना उम्मीदवारों के चयन, उनकी गुणवत्ता और प्रभावशीलता एवं बूथ रणनीति पर निर्भर करता है। अन्नाद्रमुक नेता ई. पलानीस्वामी ने पार्टी एकता के महत्व पर जोर देते हुए ओ. पनीरसेल्वम और टी.टी.वी. दिनाकरण को अस्वीकार करना जारी रखा है। ओ.पी.एस. एन.डी.ए. में शामिल होने के लिए उत्सुक हैं, चाहे वह ए.एम.एम.के. के माध्यम से हो या अन्नाद्रमुक में लौटकर। मुख्य सवाल यह है कि क्या अन्नाद्रमुक ओ.पी.एस. का वापस स्वागत करेगी या उन्हें किनारे कर देगी और क्या राजनीतिक स्थिरता और प्रासंगिकता को लेकर चिंताएं हैं? एक अन्य दिलचस्प पहलू यह है कि लोकप्रिय अभिनेता विजय ने 2024 में अपनी राजनीतिक पार्टी, तमिलगा वेत्री कडगम (टी.वी.के.) लॉन्च की और उसके तुरंत बाद घोषणा की कि वह राजनीति में पूर्णकालिक रूप से आने के लिए फ़िल्मों से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने कहा कि इस महीने आने वाली उनकी फ़िल्म 'जन नायकन' उनकी विदाई रिलीज होगी। 51 साल की उम्र में, यह सितारा एक सफ़ल फ़िल्मी करियर से पीछे हट रहा है, जिसे छोडने में कई अभिनेता संकोच करेंगे। वह भारतीय सिनेमा के सबसे लोकप्रिय सितारों में से एक बने हुए हैं। वह त्यौहारों पर फ़िल्मों की रिलीज को बढ़ावा देने में मदद करते हैं और सैटेलाइट अधिकारों, संगीत और मर्चेंडाइज के माध्यम से वैश्विक तमिल समुदाय के लिए राजस्व उत्पन्न करते हैं। विजय की पार्टी आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में स्थापित दलों, द्रमुक और अन्नाद्रमुक के खिलाफ चुनाव लड़ेगी। उनकी पार्टी का लक्ष्य द्रमुक और अन्नाद्रमुक दोनों को चुनौती देना और अकेले चुनाव लडने की योजना है। विजय का एक बड़ा प्रशंसक आधार है। उन्होंने राहुल गांधी से मुलाकात की थी लेकिन वे किसी समझौते पर नहीं पहुंच सके। कमल हासन एक प्रसिद्ध अभिनेता और राजनीतिक दल 'मक्कल निधि मय्यम' के नेता हैं। वह स्वतंत्र अभियानों से हटकर द्रमुक के साथ जुड़कर तमिलनाडु में अपनी राजनीतिक उपस्थिति बढ़ा रहे हैं। 2025–2026 तक, वह राज्यसभा के सदस्य हैं, जो जून 2025 में चुने गए थे। वह मध्यमार्गी, भ्रष्टाचार विरोधी राजनीति पर ध्यान केंद्रित करते हैं और द्रमुक के लिए एक महत्वपूर्ण सहयोगी हैं, विशेष रूप से 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले। इस राज्य में कई फ़िल्मी सितारे राजनेता बने हैं। एम.जी.आर. के नाम से जाने जाते एम.जी. रामचंद्रन और जयललिता का राजनीतिक करियर बहुत सफ़ल रहा। इससे पहले, सी.एन. अन्नादुराई और एम. करुणानिधि उल्लेखनीय हस्तियां थे। वे दोनों मुख्यमंत्री भी बने। रजनीकांत, कमल हासन, खुशबू और विजयकांत जैसे अन्य अभिनेताओं ने भी राजनीति में हाथ आजमाया लेकिन उनकी सफ़लता मिश्रित रही। स्टालिन ने गठबंधन की आवश्यकता को महसूस किया है और वह द्रमुक को गठबंधन में बनाए रखने का समर्थन करते हैं।




**मेष**:- विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रवास की संभावना है।

**वृषभ**:- मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है। नए कार्य के लिए दिन अच्छा नहीं है।

**मिथुन**:- आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

**कर्क**:- शरीर और मन में बेचैनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे। वाद-विवाद से दूर रहें।

**सिंह**:- आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें। पदोन्नति और आय वृद्धि का योग है।

**कन्या**:- नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे। पिता की तरफसे लाभ होगा।

**तुला**:- लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फ़िर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी। धन का खर्च होगा।

**वृश्चिक**:- आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

**धनु रू** बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**मकर**:- आज से आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरलता रहेगी। परिवार में सुख- शांति का माहौल रहेगा।

**कुंभ**:- आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशान होंगे। विचारों में तेजी से परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

**मीन**:- शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद-विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी। अनिद्रा से परेशान रहेंगे।

# विकासोन्मुख–रोजगार उन्मुख बजट

**डा. अश्विनी महाजन**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी, 2026 को अपना लगातार नौवां बजट पेश किया। इसमें कोई संशय नहीं कि वैश्विक मुश्किलों और अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ की वजह से अनिश्चित वैश्विक बाजार और टैरिफय और बड़ी आर्थिक ताकतों द्वारा जरूरी मिनरल, सेमीकंडक्टर और कई दूसरी चीजों की सप्लाई सहित ग्लोबल वैल्यू चेन के हथियारीकरण की कोशिश, भुगतान प्रणाली के दुरुपयोग के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार चौथे साल दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर अच्छी स्थिति में है। रुपए की गिरती कीमत, लगातार व्यापार और भुगतान घाटे और बढ़ते सार्वजनिक निवेश के साथ निजी निवेश बढने की अनिश्चितता के कारण वित्त मंत्री के सामने बहुत सारी चिंताएं भी हैं। आर्थिक सर्वेक्षण ने अर्थव्यवस्था की सही तस्वीर पेश की है, जिसमें चिंता की बातें भी उठाई गई हैं, खासकर रुपए की गिरती कीमत, एफडीआई में लगातार कमी, जिससे निवल एफडीआई ऋणात्मक हो रही है और उसके लिए सही उपाय अपनाने की जरूरत है। सर्वेक्षण ने न केवल समाज के लिए, बल्कि युवाओं की डिजिटल लत से अर्थव्यवस्था को होने वाले खतरे और कई दूसरे मुद्दे भी उठाए हैं। जाहिर है, इस बजट में उन सभी पर बात नहीं हो सकी, लेकिन ऐसा लगता है कि बजट में नीति की बड़ी दिशा साफ है और नीति यह है कि भारत न सिर्फ ग्लोबल उथल–पुथल से खुद को बचाने की कोशिश करेगा, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी आगे ले जाएगा, न सिर्फ अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक अहम खिलाड़ी भी बनेगा। बजट में 7 रणनीतिक क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने का प्रस्ताव है। लंबे समय से, भारत सेमीकंडक्टर, रेयर अर्थ मैटीरियल, इलेक्ट्रॉनिक्स, केमिकल और कैपिटल गुड्स की सप्लाई के लिए विदेशों, खासकर चीन पर निर्भर रहा है। इन सभी को बजट में जगह दी गई है और इन क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने के लिए रणनीति भी बनाई गई है। इससे न केवल चीन पर हमारी निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी, बल्कि इकोनॉमिक सर्वे में बताए गए ग्लोबल वैल्यू चेन के हथियार बनने से भी अर्थव्यवस्था को बचाया जा सकेगा। पहले, न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया रेयर अर्थ मेटीरियल की सप्लाई को लेकर चीन के नखरे झेल रही है। ऐसा नहीं है कि भारत के पास रेयर अर्थ मेटीरियल नहीं है। लेकिन इस क्षेत्र में माइनिंग, प्रोसेसिंग और मैन्युफैक्चरिंग में हमारी कमी है। ओडिशा, केरल, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु जैसे मिनरल से भरपूर राज्यों को डेडिकेटेड रेयर अर्थ कॉरिडोर बनाने, माइनिंग, प्रोसेसिंग, रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए बजट में मदद दी गई है। बजट में पेश की गई कंस्ट्रक्शन और इंफ्रास्ट्रक्चर इक्विपमेंट (सीआईई) को बढ़ाने की योजना, हाई–वैल्यू टेक्नोलॉजिकली एडवांस्ड सीआईई की घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को मजबूत करेगी। देश कंटेनरों की भारी कमी और चीन पर भयंकर निर्भरता का सामना कर रहा है, ऐसे में दुनिया भर में मुकाबला करने वाला कंटेनर मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम बनाने की घोषणा, 710, 000 करोड़ के बजटीय आबंटन के साथ कंटेनर मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक योजना एक बड़ा कदम है। मैन्युफैक्चरिंग को एक और बड़ा बढ़ावा, बायो फार्मा में मिला है।

यह ध्यान देने वाली बात है कि बायो फार्मा, जिसमें बायो सिमिलर्स भी शामिल हैं, कई नॉन–कम्युनिकेबल बीमारियों (एनसीडी) के इलाज में क्रांति ला सकते हैं। श्रम प्रधान टेक्सटाइल सेक्टर के लिए एक व्यापक प्लान, बजट में उठाया गया एक बड़ा कदम है। इसके अलावा, 'महात्मा गांधी ग्राम स्वराज' पहल की शुरुआत से खादी और हैंडलूम को मजबूती मिलेगी। इसके अलावा, मध्यम, लघु एवं कुटीर उद्योगों को समर्थन करने के लिए 10000 रुपए का आबंटन एक अहम कदम है। बजट में पूंजीगत निवेश को बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपए करने का प्रस्ताव है और प्रभावी पूंजीगत निवेश जीडीपी का 4.4 प्रतिशत है, जो न सिर्फ अब तक का सबसे ज्यादा है, बल्कि यह राजकोषीय घाटे से भी ज्यादा है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ और हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि सरकार उधार तो ले रही है, लेकिन उपभोग के लिए नहीं, बल्कि असल में इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए। नए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर और 20 नए राष्ट्रीय जलमार्ग हमारे इंफ्रास्ट्रक्चर को महत्त्वपूर्ण बढ़ावा दे सकते हैं। प्रस्तावों का एक और अहम हिस्सा विकसित भारत के लिए प्रोफेशनल्स का सृजन है। स्वास्थ्य क्षेत्र में अगले पांच वर्षों में 1,00,000 एलाइड हैल्थ प्रोफेशनल्स (एएचपी)1.5 लाख केयरगिवर्स और 20,000 वेटेरिनरी प्रोफेशनल्स को प्रशिक्षित किया जाएगा। ये सभी पहले कौशल की कमी को दूर करने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। किसानों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से बजट में मत्स्य क्षेत्र की वृद्धि के लिए 500 जलाशयों और अमृत सरोवरों का एकीकृत विकास, तटीय इलाकों में फिशरीज वैल्यू चेन को मजबूत करना, फिश फार्मर्स प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन्स के साथ स्टार्टअप्स और महिला समूहों को जोड्ना, क्रेडिट–लिंक्ड सब्सिडी प्रोग्राम लागू करना तथा लाइवस्टॉक फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन्स जैसे उद्यमिता विकास कार्यक्रमों के माध्यम से पशुपालन क्षेत्र को समर्थन देना शामिल है। साथ ही, लाइवस्टॉक एंटरप्राइजेज का आधुनिकीकरण और डेयरी व पोल्ट्री के लिए एकीकृत वैल्यू चेन विकसित करने की भी योजना है। इसके अतिरिक्त तटीय क्षेत्रों में नारियल, चंदन, कोको और काजू जैसी फसलों के साथ उच्च–मूल्य कृषि को बढ़ावा दिया जाएगा। पहाड़ी इलाकों में बादाम, अखरोट और पाइन नट्स जैसे नट्स भी ग्रामीण आय बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। आंकड़े निश्चित रूप से प्रभावशाली हैं। हम देखते हैं कि 7.4 प्रतिशत की विकास दर, 2 प्रतिशत से कम महंगाई और लगातार घटता राजकोषीय घाटा यह संकेत देते हैं कि अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में है।

दैनिक उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रकाशित
लखनऊ सुपरफास्ट खबरें — सबसे तेज, सबसे पहले

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, कथाएं, आर्टिकल या अपने शहर से जुड़ी कोई भी समस्या या विशेष कवरेज। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करने का प्रयास करेंगे।

हेड ऑफिस
शॉप नंबर- 04 दयाल मार्केट, हिमसिटी, कंचनपुर-मटियारी देवा रोड, चिनहट, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र–7080480403

स्वामी/प्रकाशक/मुद्रक शिव प्रकाश तिवारी द्वारा लक्ष्मी ऑफसेट, देवपुरी भवन संजय गांधी मार्ग लखनऊ उत्तर प्रदेश से छपवाकर, शॉप नं०–४ दयाल मर्किट, हिमसिटी कंचन पुर मटियारी देवा रोड चिनहट लखनऊ से प्रकाशित किया।

सम्पादक
शिव प्रकाश तिवारी
सम्पर्क सूत्र–7080480403
प्रधान सम्पादक

ब्रांच ऑफिस- निकट काशीराम कॉलोनी लौलाई, चिनहट, लखनऊ
मो. 6306589368

# प्रभास को जिस तरह की स्टारडम हासिल है, उसे देखना अविश्वसनीय है

# मालविका मोहनन



मालविका मोहनन आज भारतीय सिनेमा की सबसे प्रभावशाली और बहुमुखी अभिनेत्रियों में से एक हैं। शिबयॉन्ड द क्लाउड्सश, श्मास्टरश् और श्मारनश् जैसी प्रशंसित फिल्मों से अपनी छाप छोड़ने से लेकर अब बहुप्रतीक्षित फिल्म श्द राजा साबश् में प्रभास के साथ मुख्य भूमिका निभाने तक, मालविका मोहनन हर भूमिका के साथ खुद को निखारती जा रही हैं। इस रोमांचक नए अध्याय की शुरुआत से पहले, हमने अभिनेत्री से उनके अब तक के सफर, उनकी सबसे बड़ी सीख और दर्शकों को आगे क्या देखने को मिलेगा, इस बारे में बातचीत की। 1. श्राजा साहबश् को लेकर पहले ही काफी उत्साह है, जब आपने स्क्रिप्ट सुनी और आपको फिल्म का ऑफर मिला तो आपकी पहली प्रतिक्रिया क्या थी? मैं बाहुबली की बहुत बड़ी फैन हूँ, मैं बहुत लंबे समय से प्रभास के साथ स्क्रीन शेयर करना चाहती थी। जब मुझे यह ऑफर मिला, तो मेरी पहली प्रतिक्रिया जाहिर तौर पर यही थी कि मैं उनके साथ स्क्रीन शेयर करने को लेकर उत्साहित थी। लेकिन जब मैंने फिल्म की कहानी सुनी, तो मुझे लगा कि फिल्म में मेरे किरदार भैरवी के कुछ बहुत ही शानदार सीन हैं। आपको पता है, फिल्म में एक बहुत ही मजेदार एक्शन सीक्वेंस था। और ज्यादातर बड़े हीरो की फिल्मों में, खासकर, महिलाओं को एक्शन करने का मौका नहीं मिलता। और, आपको पता है, हमेशा पुरुष ही उस विभाग का नेतृत्व करते हैं। तो मुझे लगा कि यह काफी अच्छा है। इसी तरह, मुझे लगा कि किरदार में कुछ मजेदार पहलू हैं। तो हाँ, यह रोमांचक था। क्योंकि मैं जिनके साथ काम कर रही थी, वे बहुत अच्छे थे और यह रोमांचक इसलिए भी था क्योंकि इसमें कुछ शानदार चीजें करने को थीं। 2. यह फिल्म आपको तेलुगु सिनेमा के भव्य व्यावसायिक दायरे में लाती है, आपने श्द राजा साहबश् में अपने किरदार की तैयारी कैसे की? मुझे ऐसा लगा जैसे मैं भव्य व्यावसायिक दायरे में बिल्कुल नया हूँ। जब मैंने रजनीकांत सर के साथ अपनी पहली तमिल फिल्म की और थलपति विजय के साथ अपनी दूसरी तमिल फिल्म श्मास्टरश् की, जो कोविड के बाद रिलीज हुई शुरुआती फिल्मों में से एक थी और सभी उद्योगों में ब्लॉकबस्टर साबित हुई, तब मुझे लगा कि मैंने पहली बार इन भव्य व्यावसायिक फिल्मों का अनुभव किया। हालाँकि श्द राजा साहबश् तेलुगु में मेरी पहली फिल्म है, लेकिन मुझे कुछ हद तक पता था कि मैं किस दुनिया में कदम रख रहा हूँ। मुझे लगता है कि शुरुआत में यह मददगार साबित हुआ। उदाहरण के लिए, जिस एक्शन सीक्वेंस की मैंने बात की, उसमें एक निश्चित यथार्थवाद होता है, जो आप अपने किरदार में लाते हैं, लेकिन जब आपको पता होता है कि यह सिनेमाघरों में देखने के लिए है, एक फिल्म सिनेमाघरों में दर्शकों के लिए बनी है, तो आप उसमें थोड़ा जोश भर देते हैं। जैसे कि एक्शन करते समय, मैंने थोड़ा और एटीट्यूड, थोड़ा और स्वैग लाने की कोशिश की, अपने हाव-भाव में थोड़ा और मजा लाने की कोशिश की। इसलिए यह जानना अच्छा होता है कि फिल्म को दर्शक कैसे देखेंगे। अगर आपको पता है कि फिल्म को दर्शक कैसे देखेंगे, जैसे कि मान लीजिए मैं किसी मलयालम फिल्म पर काम कर रहा हूँ, या जब मैंने माजिद मजीदी के साथ शिबयॉन्ड द क्लाउड्सश् की थी, अगर दर्शकों की पसंद और फिल्म का टोन अति-यथार्थवादी है, तो आप उसी पर टिके रहते हैं, अपने किरदार के प्रति सच्चे रहते हैं। लेकिन जब फिल्म बड़े पैमाने पर व्यावसायिक होती है, तो मुझे लगता है कि अपने किरदार के साथ-साथ आप एटीट्यूड और स्वैग के तत्व भी जोड़ सकते हैं, क्योंकि आपको पता होता है कि कुछ सीन स्लो मोशन में होंगे। कुछ सीन ऊंचे स्तर के होंगे। इसलिए श्राजा साहबश् के कुछ दृश्यों में इस पहलू को एक्सप्लोर करना मेरे लिए बहुत मजेदार रहा। इसके अलावा, मैंने अपने एक्शन सीक्वेंस के लिए लगभग 10 दिनों तक ट्रेनिंग ली, क्योंकि उसमें कुछ फ्लिप जंप, रोप जंप और रोप किक शामिल थे। इसके लिए कुछ तकनीकी प्रशिक्षण और स्टंट सीक्वेंस की कोरियोग्राफी सीखने की आवश्यकता थी। तो मैं कहूंगा कि मैंने इसी के लिए प्रशिक्षण लिया था। 3. प्रभास के साथ काम करने से, जिन्हें विभिन्न उद्योगों में अपार लोकप्रियता प्राप्त है, उनके साथ स्क्रीन शेयर करने से आपको सबसे बड़ी सीख क्या मिली? मुझे हमेशा से ऐसा लगा कि इस फिल्म में मैं प्रभास का एक बिल्कुल अलग रूप देख रही हूँ। क्योंकि पिछले 10 सालों में हमने उन्हें ज्यादातर गंभीर और भव्य भूमिकाओं में ही देखा है। इसलिए उन्हें कॉमेडी करते देखना और इस शैली में काम करते देखना अच्छा लगा। और स्क्रीन पर उनका एक बहुत ही प्यारा और करिश्माई व्यक्तित्व है। यह मैंने हमेशा महसूस किया है। और उनकी स्टारडम को देखना और उसे व्यक्तिगत रूप से अनुभव करना काफी अवास्तविक है। यह वाकई बहुत ही रोमांचक है। 4. अब तक का आपका सफर कैसा रहा है और एक अभिनेता के रूप में आपको अभी भी क्या उत्साहित करता है? मुझे लगता है कि मैं बेहद भाग्यशाली रही हूँ क्योंकि मुझे विभिन्न शैलियों और उद्योगों की कुछ बेहतरीन फिल्म निर्माताओं के साथ कुछ बेहद दिलचस्प फिल्मों में काम करने का मौका मिल रहा है। उदाहरण के लिए, मेरी पिछली रिलीज फिल्म श्हृदयपूर्वमश् थी, जिसमें मोहनलाल सर मेरे साथ थे और जिसका निर्देशन सत्यन एंथिकड ने किया था। वो मलयालम सिनेमा के दिग्गज फिल्मकार हैं। उनके साथ काम करना एक सपने जैसा अनुभव था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी जबरदस्त कमाई की। इसके साथ ही, भारत के सबसे बड़े सुपरस्टार प्रभास सर के साथ श्राजा साहबश् जैसी फिल्म में काम करना बिल्कुल अलग अनुभव था। तमिल सिनेमा में मैंने थलपति विजय, धनुष, रजनीकांत जैसे अभिनेताओं और फिल्मकारों के साथ काम किया है। मुझे किसी एक इंडस्ट्री तक सीमित न रहना बहुत अच्छा लगता है। मैं कई भाषाएँ बोलता हूँ। मुझे लगता है कि आजकल अभिनेताओं के लिए बहुत अच्छा समय है क्योंकि ओटीटी और सोशल मीडिया के बढ़ते चलन के कारण इंडस्ट्री की सीमाएँ बहुत कम हो गई हैं। आप कहीं भी फिल्म कर सकते हैं और अगर फिल्म अच्छी है, तो उसे दर्शक मिल जाएँगे, पूरे भारत में मिल जाएँगे, अगर फिल्म हिट हो जाए, लोग उससे जुड़ सकें। तो, इस लिहाज से, मुझे लगता है कि अब आप किसी एक उद्योग तक सीमित नहीं हैं। और साथ ही, व्यक्तिगत तौर पर, मुझे नए लोगों से मिलना बहुत पसंद है। मुझे अलग-अलग संस्कृतियों के साथ काम करना अच्छा लगता है। मुझे घूमना-फिरना बहुत पसंद है। बचपन से ही मुझमें रोमांच का जबरदस्त जुनून रहा है। इसलिए, मुझे शूटिंग के लिए बिल्कुल अनजान जगहों पर जाना और ऐसी चीजें करना पसंद है जो आम जिंदगी में करना मुमकिन नहीं होता। तो, मुझे लगता है कि मुझे इसके कई पहलुओं का आनंद मिलता है।5. आपने विभिन्न उद्योगों और भाषाओं में काम किया है, इस यात्रा ने आपको न केवल एक अभिनेता के रूप में, बल्कि एक व्यक्ति के रूप में भी कैसे आकार दिया है? साथ ही, एक रचनात्मक परिवार से आने के कारण, सिनेमा के प्रति आपके शुरुआती लगाव ने एक कलाकार के रूप में आपके आत्मविश्वास और विकल्पों को कैसे प्रभावित किया? मैं एक बहुत ही कलात्मक परिवार में पली-बढ़ी हूँ। और मैं कई तरह की फिल्मों के संपर्क में पली-बढ़ी हूँ। मैं मुंबई की लड़की हूँ। मैं हमेशा से मुंबई की लड़की रही हूँ। इसलिए मैं बॉलीवुड फिल्में देखते हुए बड़ी हुई हूँ। मैं हॉलीवुड की बड़ी फिल्में देखते हुए बड़ी हुई हूँ। और मैं एक ऐसे परिवार में पली-बढ़ी हूँ जहाँ विश्व सिनेमा भी देखा जाता था। बहुत छोटी उम्र से ही मैंने कई बेहतरीन फिल्म निर्माताओं को देखा है, जैसे अकीरा कुरोसावा, लुई बुनुएल, वोंग कार वाई, सत्यजीत रे, ऋत्विक घटक।और साथ ही साथ, पूरी तरह से बॉलीवुड फिल्मों के संपर्क में भी रही हूँ। और क्योंकि यह एक मलयाली परिवार है, इसलिए मैं मलयालम में कई कल्ट क्लासिक्स देखते हुए बड़ी हुई हूँ। इसलिए मुझे लगता है कि यही कारण है कि एक अभिनेता के रूप में, मुझे विभिन्न शैलियों में काम करना भी पसंद है। क्योंकि ये सभी फिल्में एक-दूसरे से बिलकुल अलग हैं। इसलिए मुझे लगता है कि मेरे अंदर एक हिस्सा ऐसा है जो लीक से हटकर, बड़े पैमाने पर व्यावसायिक और लोकप्रिय फिल्में करने का आनंद लेता है। वहीं दूसरा हिस्सा खूबसूरती से लिखी गई मलयालम फिल्म करने का आनंद लेता है। और फिर मैं इन दोनों के बीच कुछ प्रयोगात्मक काम करके संतुलन बनाए रखना पसंद करता हूँ। शायद इसीलिए मैं अपनी भूमिकाओं और साथ काम करने वाले फिल्मकारों के मामले में भी यथासंभव बहुमुखी प्रतिभा दिखाने की कोशिश करता हूँ। 6. आप अक्सर प्रामाणिकता के बारे में बात करती हैं, फिल्म उद्योग के दबावों के बीच खुद के प्रति ईमानदार रहते हुए आप संतुलन कैसे बनाती हैं? प्रामाणिक बने रहने के बारे में, मुझे लगता है कि यह संतुलन मैंने अपने सफर के दौरान ही पाया है। क्योंकि जब हम अभिनेता के रूप में शुरुआत करते हैं, तो कोई भी आपको आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार नहीं कर सकता। क्योंकि यह एक बहुत ही सार्वजनिक पेशा है। और हर कोई आपकी शक्ल-सूरत से लेकर आपके अभिनय, आपके बोलने के तरीके, आपके चलने के तरीके, आपके बालों की लंबाई, हर छोटी-मोटी बात पर टिप्पणी करने का हकदार महसूस करता है। आप जानते हैं, हर किसी को लगता है कि उसे अपनी राय देने का अधिकार है। और कुछ समय बाद, आप इसके प्रति बेपरवाह हो जाते हैं। और मुझे लगता है कि अब मैं उस तरह की इंसान हूं जिसके लिए अपने पैर जमीन पर रखना और उन लोगों की रचनात्मक आलोचना को स्वीकार करना बहुत जरूरी है जिनकी राय को आप महत्व देते हैं। क्योंकि यही आगे बढ़ने और वास्तविकता से अवगत रहने का एकमात्र तरीका है। लेकिन साथ ही, मैं आशावादी भी हूं। लेकिन मैं बेवजह की ट्रोलिंग या लगातार नफरत को ज्यादा अहमियत नहीं देती, जो ऑनलाइन लगभग हर एक्टर, खासकर महिला एक्टर के साथ होती है, मुझे लगता है कि पुरुषों से ज्यादा। लेकिन अब मुझे इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। क्योंकि आखिर में, बात काम और उस पूरी दुनिया के बीच संतुलन बनाने की है, और साथ ही अपनी मानसिक सेहत का भी ख्याल रखना है। मैं काम पर जाती हूं और फिर अपने छोटे से दायरे में लौट आती हूं, जिसमें मेरे पांच दोस्त और मेरा परिवार शामिल हैं। मैं फिल्मों के अलावा भी समय निकालने की कोशिश करती हूं, ताकि मैं वो सब कर सकूं जो मुझे पसंद हैं। मुझे घूमना-फिरना पसंद है। मुझे फोटोग्राफी पसंद है। मुझे वन्यजीव पसंद हैं। और वन्यजीव फोटोग्राफी एक ऐसी चीज है जिसे मैं सक्रिय रूप से करने की कोशिश कर रही हूं। क्योंकि शायद यह भी एक तरीका हो... मेरा काम करने का माहौल ऐसा होता है कि सेट पर औसतन 300-400 लोग होते हैं। और शायद यह मेरा जंगल में जाने का एक तरीका है, जहाँ, आप जानते हैं, यह इसके बिल्कुल विपरीत है, है ना? यह पूरी तरह से खाली है। यह शांत है। वहाँ प्रकृति है। वहाँ ताजी हवा है। वहाँ हरियाली है। बस प्रकृति से जुड़ना। मुझे यह बहुत ध्यानपूर्ण लगता है। और मैं बचपन से ही वन्यजीव प्रेमी रहा हूँ। और मुझे फोटोग्राफी बहुत पसंद है। तो, आप जानते हैं, मैंने अपनी सभी रुचियों को एक साथ मिला लिया है और मैं सक्रिय रूप से वन्यजीव फोटोग्राफी कर रहा हूँ। और मुझे लगता है, आप जानते हैं, जीवन में पेशेवर, व्यक्तिगत, अपने काम और अपनी रुचियों के बीच संतुलन बनाए रखना बहुत जरूरी है। 7. फैशन और फिटनेस भी आपके व्यक्तित्व के सशक्त पहलू हैं, कैमरे के पीछे आपकी आत्म-पहचान में इनका कितना महत्व है? फिटनेस की बात करें तो, बचपन से ही मुझे खेलों में बहुत रुचि रही है। मैं बचपन से ही एथलीट रही हूँ। मैं स्प्रिंट रनर और लॉन्ग जम्पर थी। मतलब, मैं खेलों, एथलेटिक्स, आदि में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती थी। और मुझे लगता है कि इसी वजह से... मेरा शरीर शारीरिक गतिविधियों के लिए बहुत सहज है। उदाहरण के लिए, जब मैंने श्थंगालानश् फिल्म की, तो मुझे... मैंने फिल्म में एक आदिवासी देवी का किरदार निभाया था। और मुझे सिलंबम सीखना पड़ा, जो एक बहुत पुरानी तमिल मार्शल आर्ट है। इसमें लाठी से लड़ाई की जाती है। और मैंने इसके लिए इसे सीखना शुरू किया। और यह अब मेरी दिनचर्या का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। मैं हफ्ते में कम से कम दो से तीन बार सिलंबम करती हूँ। यह मेरी फिटनेस यात्रा का हिस्सा बन गया है। और मैं अपनी फिटनेस को लेकर बहुत सहज हूँ। अगर आपको फिटनेस पसंद नहीं है, तो अगर आप कुछ कर रहे हैं... उदाहरण के लिए, अगर आपको योग पसंद नहीं है, लेकिन आप जबरदस्ती योग कर रहे हैं, तो मुझे नहीं लगता कि आप इसे लंबे समय तक जारी रख पाएंगे। इसलिए, मुझे स्ट्रेंथ ट्रेनिंग बहुत पसंद है। मुझे सिलंबम भी पसंद है। तो, मैं इन दोनों को मिलाकर करती हूं। और मैं उस दिन अपनी सहज प्रवृत्ति के अनुसार, जो करने का मन करता है, वही करती हूं। और यहां तक ष्कि जिन दिनों मेरा ज्यादा कुछ करने का मन नहीं होता, मैं कुछ न कुछ करने की कोशिश करती हूं... मुझे कैलिस्टेनिक्स भी बहुत पसंद है। तो, मैं कोशिश करती हूं... यहां तक ष्कि अगर मैं होटल के कमरे में भी हूं, तो मैं दीवार के सहारे पुश-अप्स करती हूं। मैं योगा मैट लेकर कुछ बॉडी एक्सरसाइज करती हूं। इसलिए, मुझे लगता है कि जिन चीजों में आपको आनंद आता है, उनमें निरंतर बने रहना ही निरंतरता बनाए रखने का एकमात्र तरीका है। अगर आप सिर्फ शौक के लिए किसी फैशन या ट्रेंड को फॉलो करते हैं, तो मुझे नहीं लगता कि आप इसे लंबे समय तक जारी रख पाएंगे। फैशन की बात करें तो, मैंने महसूस किया है कि मेरी कोई एक खास स्टाइल नहीं है जिसे मैं अपनाती हूं। मुझे लगता है कि जब आप भारत जैसे देश में बड़े होते हैं, तो आपको कई तरह के पहनावे देखने को मिलते हैं। उदाहरण के लिए, मैंने अपनी माँ को हमेशा हथकरघा साड़ियाँ पहने देखा है। और फैशन से जुड़ी मेरी यादें उन्हें खूबसूरत इक्कट, ब्लॉक प्रिंट, माथे पर बड़ी लाल बिंदी, आँखों में काजल और बालों में मोगरा के फूल पहने देखने से जुड़ी हैं। इसलिए, मेरे लिए स्टाइल का बहुत कुछ... मैं इसे संस्कृति, अपने मूल स्थान और अपने आस-पास के सौंदर्यबोध से जोड़ती हूँ, जिसे मैंने बचपन से देखा है। तो, मेरे काम की वजह से, जाहिर है, मैं वैश्विक फैशन से भी जुड़ती हूँ। लेकिन मुझे स्टाइल में सबसे ज्यादा आनंद आता है। मेरे लिए, स्टाइल वह है जो हमारे घर के करीब है, हमारी जड़ों से जुड़ा है। मेरे लिए, स्टाइल का बहुत कुछ पुरानी यादों से भी जुड़ा है। मुझे लगता है कि मलयाली होना भी। यहाँ तक कि माथे पर चंदन लगाना और बालों में गजरा लगाना जैसी छोटी-छोटी बातें भी मुझे आकर्षित करती हैं क्योंकि ये मेरी पहचान, मेरी जड़ों से जुड़ी हैं। इसलिए,शैली के साथ मेरा रिश्ता काफी हद तक इस बात से जुड़ा है कि मैं कहाँ से आती हूँ और काफी हद तक इस बात से भी कि मैंने अपनी माँ को किस तरह के पहनावे में देखा है। 8. हर प्रोजेक्ट के साथ, आपके अभिनय में गहराई आती जा रही है, आज आपको किस तरह की भूमिकाएँ सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण लगती हैं? मुझे लगता है कि मुझे सबसे ज्यादा जो चीज उत्साहित करती है, वह है मेरे द्वारा निभाई जा रही भूमिकाओं में विविधता। जैसे मोहनलाल सर के साथ वाली फिल्म में, मैंने पुणे की एक युवा लड़की का किरदार निभाया। सरदार 2, जो मेरी रिलीज होने वाली तमिल फिल्म है, उसमें मैं एक एजेंट, एक स्पेशल एजेंट, एक जासूस की भूमिका निभा रही हूँ। और राजा साहब में, मेरा किरदार बिल्कुल अलग तरह का है। इसलिए, मुझे लगता है कि मैं अपनी भूमिकाओं में विविधता लाने की कोशिश करती हूँ। और साथ ही, मेरा सपना है कि मैं विभिन्न उद्योगों के कुछ बेहतरीन फिल्म निर्माताओं के साथ काम करूँ। इसलिए, मुझे लगता है कि अब एक अभिनेता के रूप में, क्योंकि मैंने कई फिल्में की हैं, मेरी भूख, मेरी प्यास अच्छे फिल्म निर्माताओं के साथ काम करने और अच्छी तरह से लिखे गए महिला किरदारों पर काम करने की है, जिनका फिल्म में कुछ योगदान हो। न कि सिर्फऐसी भूमिकाएँ करने की जिनका अंत में कोई खास महत्व न हो। 9. अब तक के अपने सफर पर नजर डालते हुए, फिल्म जगत में आपके लिए सबसे महत्वपूर्ण सीख का पल कौन सा रहा है? मैं कहूंगा कि मुझे लगता है कि इन वर्षों में मैंने एक बात समझी है कि फिल्म निर्माण एक सहयोगात्मक कला है। यह चित्रकार या मूर्तिकार होने जैसा नहीं है, जहां आप स्वयं रचनात्मक परिणाम के प्रभारी होते हैं। इसलिए, आपके साथ काम करने वाले लोग ही फिल्म को बना या बिगाड़ सकते हैं। एक अच्छे निर्देशक, एक अच्छी पटकथा और एक अच्छी टीम के बिना, आप कुछ भी नहीं हैं। 10. अंत में, जैसा कि दर्शक बेसब्री से श्द राजा साहबश् का इंतजार कर रहे हैं, आप उनसे फिल्म और अपने किरदार से क्या उम्मीद करती हैं? श्द राजा साहबश् एक पूरी तरह से मास-बेस्ड फिल्म है। और मुझे अपने किरदार के बारे में जो पसंद है... मतलब, मेरे अंदर का लड़की वाला हिस्सा खुश है कि मुझे बहुत सारी खूबसूरत शिफॉन साड़ियाँ और प्यारे चांदी के गहने पहनने को मिले। और मुझे व्यक्तिगत रूप से फिल्म में अपने किरदार की स्टाइलिंग बहुत पसंद है। मुझे इस तरह का लुक बहुत अच्छा लगता है। और मुझे खुशी है कि मुझे इस फिल्म में उस स्टाइल को अपनाने का मौका मिला। भैरवी, मेरे किरदार का, इंट्रोडक्शन सीक्वेंस बहुत शानदार है। उसके कुछ मजेदार सीन हैं। और मुझे पसंद है कि वह मजबूत होने के साथ-साथ जमीन से जुड़ी हुई भी है। और साथ ही, वह अपने प्रियजनों के लिए लड़ती है और अपने दिल की बात खुलकर कहती है। और मुझे लगता है कि भैरवी कुछ मायनों में मेरे वास्तविक जीवन के व्यक्तित्व के बहुत करीब है। मैं मजबूत होने के साथ-साथ कोमल भी हूँ।

# भगौतीपुर के ट्रामा सेंटर को संचालित करने के डीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए निर्देश



**औरैया ब्यूरो दिलीप कुमार।** ग्राम भगौतीपुर के आस-पास रहने वाले लोगों को सुलभ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने भगौतीपुर (भाऊपुर) में निर्मित ट्रामा सेंटर का निरीक्षण कर मुख्य चिकित्साधिकारी सुरेंद्र कुमार को निर्देश दिए कि ट्रामा सेंटर भवन में समुचित साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा परिसर की भी साफ-सफाई कराकर आमजन की उपयोगार्थ ट्रामा सेंटर को संचालित किया जाए। जिलाधिकारी ने ट्रामा सेंटर में एक्सरे मशीन आदि चिकित्सकीय उपकरणों के साथ-साथ फर्नीचर तथा बेड आदि के उपलब्धता की जानकारी पूछने पर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि ट्रामा सेंटर हेतु फर्नीचर तथा बेड की उपलब्धता है और चिकित्सालय में उपलब्ध अतिरिक्त एक्सरे मशीन व टेक्नीशियन की तैनाती ट्रामा सेंटर में की जा सकती है। जिलाधिकारी द्वारा ट्रामा सेंटर में कार्मिकों की नियुक्त तथा विद्युत आपूर्ति के संबंध में पूछा तो मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि ट्रामा सेंटर की विद्युत आपूर्ति ग्रामीण क्षेत्र के फिडर से होने के कारण शत-प्रतिशत विद्युत आपूर्त नहीं हो पाती है तथा कार्मिकों की नियुक्ति के संबंध में शासन को पत्राचार किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विद्युत आपूर्ति हेतु इनवर्टर/ जनरेटर सेट/ सोलर पावर संयंत्र लगाए जाने के संबंध में आगणन बनाकर शासन को बजट आवंटन हेतु प्रेषित किया जाए तथा फार्मासिस्ट व अन्य कार्मिकों की तैनाती के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा कर्मियों की भी तैनाती की जाए। उक्त के अतिरिक्त उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आपात स्थिति में मरीज को उच्च चिकित्सालय में भेजने के लिए एंबुलेंस की तैनाती की जाए। उक्त के पूर्व जिलाधिकारी द्वारा विकासखंड औरैया के ग्राम पंचायत नसीराबाद कॉमन सर्विस सेंटर तथा ग्राम पंचायत बखरिया के ग्राम सचिवालय पहुंचकर शासन के निर्देशानुसार फार्मर रजिस्ट्री तथा किसान सम्मान निधि के संबंध में की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी लेते हुए लेखपाल व अन्य कार्मिकों को निर्देश दिए कि कार्य को पूर्ण सुचिता व तत्परता के साथ पूर्ण किया जाए तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए।

# गुरगांव व रौली बौरी सहित विकास खंड की कई ग्राम पंचायतों में जमकर लुट रही मनरेगा योजना

**कार्य स्थल पर न कहीं चूना और न ही तकनीकी सहायक की मौजूदगी में अपलोड हो रही मजदूरों की हाजरी**

**आलोक पाठक जिला ब्यूरो शाहजहांपुर।** जलालाबाद विकास खंड क्षेत्र के गुरगांव में नियमों को ताख पर रखकर भ्रष्ट प्रधान व रोजगार सेवक यदवेंद्र मिश्रा द्वारा मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार कर मनरेगा योजना के सरकारी धन को जमकर लूटा जा रहा है। यहां धरातल पर कोई काम नजर नहीं आ रहा है लेकिन एपीओ के संरक्षण में भ्रष्ट प्रधान व रोजगार सेवक यदवेंद्र मिश्रा द्वारा मनरेगा योजना के तहत भ्रष्टाचार कर मोटमाल अंदर किया जा रहा है। जिसमें एपीओ शासनादेश को अनदेखा कर कमीशनखोरी के नाम मोटी रकम हड़प रहा है। गुरगांव में इस समय का गुड्डू के खेत से साबिर के खेत तक चकरोड़ पर मिट्टी कार्य का होना दर्शाया जा रहा है इस कार्य में 6 मस्ट रोल पर 59 मनरेगा मजदूरों की हाजिरी रोजगार सेवक यदवेन्द्र मिश्रा द्वारा मनरेगा पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। जबकि मौके पर कोई कार्य नजर नहीं आ रहा है। जब कार्य के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी की तो ग्रामीणों ने



कहा कि आप स्वयं वहां जाकर देखेंगे तो साफ साफ समझ आ जाएगा कि किस प्रकार कार्य हो रहा है जब मौके पर जाकर देखा गया तो मौके पर कोई कार्य नजर नहीं आया न ही कहीं कोई मजदूर कार्य करता हुआ मिला। मौके पर मौजूद ग्रामीणों से और जानकारी की तो बताया की यहां लोग सुबह फोटो खिचवाने आते हैं और फिर प्रधान व रोजगार सेवक के साथ वापस लौट जाते है।

**रौली बौरी का प्रधान भी जमकर लूट रहा मनरेगा का खजाना**

जलालाबाद विकास खंड की ग्राम पंचायत रौली बौरी में सुल्तान के खेत से जगदीश के खेत तक चकरोड पर मिट्टी का कार्य होना दर्शाया जा रहा है इस कार्य में 4 मस्ट रोल दर्शाकर 37 मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी प्रधान ब रोजगार सेवक अरविन्द कुमार द्वारा मनरेगा पोर्टल पर अपलोड कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है वहीं जब गांव के ग्रामीणों से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि उनके द्वारा आज तक किसी भी मनरेगा मजदूर को कार्य करते हुए नहीं देखा गया है, प्रधान ब रोजगार सेवक द्वारा दो चार आदमियों को खडा कर फोटो तो खींच लिया जाता है, लेकिन कार्य कुछ भी नहीं हो रहा है,

**एक बार ही पोर्टल पर अपलोड की जा रही मजदूरों की हाजिरी**

मनरेगा योजना के तहत कार्यस्थल पर सुबह और दोपहर को दो बार हाजिरी लगाने का प्रावधान है लेकिन एपीओ के संरक्षण के चलते विकास खंड की कई ग्राम पंचायतों में सिर्फ एक बार ही मनरेगा पोर्टल पर हाजिरी का अपलोड होना चीख-चीखकर भ्रष्टाचार की कहानी बयां कर रहा है,वहीं उच्चाधिकारी अपनी आंखों पर पट्टी बांधे हुए नजर आ रहे हैं।

# सड़क हादसे में मृतक के परिजनों से मिले विधायक, दी आर्थिक सहायता



**सर्वेश शुक्ला ब्यूरो प्रभारी उत्तरप्रदेश पलिया (लखीमपुर खीरी)।** भीरा क्षेत्र के ग्राम फार्मटांडा में हुए सड़क हादसे में दिवंगत छत्रपाल सिंह बंजारा के असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। इस दुःखद घटना पर पलिया विधायक रोमी साहनी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतक के आवास पर पहुंचकर परिजनों से भेंट की।विधायक ने शोकसंतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और मृतक की पत्नी रेखा को ?25,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में वे परिवार के साथ खड़े हैं।बताया गया कि छत्रपाल सिंह परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके निधन से परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है। उनके पीछे पत्नी, पांच छोटे बच्चे एवं वृद्ध पिता रह गए हैं।विधायक रोमी साहनी ने परिजनों को आश्वस्त किया कि बच्चों की शिक्षा, पालन-पोषण और भविष्य निर्माण में हर संभव सहयोग किया जाएगा तथा वे सदैव परिवार के साथ रहेंगे।इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग व ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

# प्रीपेड मीटर और बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लामबंद, मुख्यमंत्री को भेजा 19 सूत्रीय ज्ञापन



**पीलीभीत।** पुरनपुर बिजली विभाग की कार्यप्रणाली, प्रीपेड मीटर की विसंगतियों और व्यापारियों के उत्पीड़न के विरोध में आज उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने कड़ा रुख अपनाया है। संगठन के जिला अध्यक्ष एम.ए. जिलानी के निर्देश पर आज जिले भर में प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक 19 सूत्रीय ज्ञापन भेजा गया। पीलीभीत मुख्यालय पर संगठन के नगर महामंत्री राशिद अंसारी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा, जबकि पूरनपुर में नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला की अगुवाई में व्यापारियों ने उप ज़िलाधिकारी (SDM) को ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाया। ज्ञापन में मुख्य रूप से प्रीपेड मीटर व्यवस्था में सुधार की मांग की गई है। व्यापारियों का कहना है कि प्रीपेड मीटर लगाने से पूर्व उपभोक्ताओं की पुरानी जमा सिक्योरिटी राशि वापस की जाए और प्रीपेड व्यवस्था में फिक्स चार्ज, मिनिमम चार्ज और इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी समाप्त कर शुद्ध उपभोग (जितनी बिजली खर्च, उतना बिल) आधारित बिलिंग की जाए। साथ ही, बंद मकानों पर लगने वाले शुल्क को पूरी तरह हटाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। संगठन ने विभागीय पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े किए हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि मीटर बदलते या चेक करते समय मौके पर ही सीलिंग सर्टिफिकेट देना अनिवार्य किया जाए। सर्टिफिकेट न होने की दशा में बाद में लैब जांच के नाम पर उपभोक्ताओं को एफ.आई.आर. का भय दिखाकर उनका शोषण किया जाता है, जिस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। इसके अलावा, बिजली कटौती का रोस्टर सार्वजनिक करने और शिकायतों की पावती (Receiving) देना अनिवार्य करने की बात कही गई है। ज्ञापन में पुराने पी.डी. (PD) कनेक्शनों के नाम पर दशकों बाद आर.सी. जारी करने को अवैध बताते हुए इसे रोकने और ओटीएस (OTS) योजना का लाभ सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को देने की अपील की गई है। प्रतिनिधि मंडल ने चेतावनी दी है कि यदि व्यापारियों की इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

इसमें मुख्य रूप से नगर महामंत्री राशिद अंसारी युवा विंग जिला अध्यक्ष शैली शर्मा, युवा नगर अध्यक्ष आशीष लोधी, हरीश कुमार, रजी अंसारी, मोहम्मद ताबिश, मोहम्मद साबिर अंसारी, मोहम्मद आरिफ अंसारी, ओवैस हसन, राजीव राय, मोहम्मद ममनून, एडवोकेट आरके शर्मा कानूनी सलाहकार, एडवोकेट प्रदीप श्रीवास्तव पूरनपुर में सरदार मोहन सिंह ,रवि जायसवाल ,सैयद जफर अली ,आसिफ अंसारी ,बृजेश शुक्ला ,गोल्डी जोशी ,गौरव पांडे नितिन वर्मा ,गुंजन सक्सेना ,शालिनी गुप्ता ,विशाल वर्मा त्रिभुवनशर्मा शान मोहम्मद ,पुष्पेंद्र शर्मा ,अखिलेश शर्मा ,नितेश अग्रवाल ,मोहम्मद हसन राहत शेरी ,सोनू सिंह ,नकुल पांडे सहित तमाम पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# एस आई आर से संबंधित समस्याओं की जानकारी लेने खंड विकास अधिकारी से मिली किरन देवी



**रणजीत सिंह /रायबरेली।** 3 फरवरी को अमेठी संसदीय क्षेत्र के सलोंन विधानसभा के डीह ब्लॉक में क्षेत्र भ्रमण कर नए मतदाताओं को फार्म 6 के तहत् जोड़ने का अभियान चलाया क्षेत्र भ्रमण अभियान में अधिकांश मतदाताओं की मैपिंग न हो पाने पर मिली नोटिस की शिकायत पर जानकारी लेने आज अमेठी कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष व (दिशा) रायबरेली की सदस्य किरन देवी ने खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय डीह पहुंच कर खण्ड विकास अधिकारी डीह से बूथ वार चर्चा करते हुए अधिकांश मतदाताओं की मैपिंग न होने पर मिली नोटिस की गहन समीक्षा की कांग्रेस नेता ने फार्म 6 के तहत् नए मतदाताओं को जोड़ने फार्म 7 मृतक शिफ्टेड, व फार्म 8 के तहत् नाम, पता, फोटो शुद्धिकरण मतदाताओं की भी जानकारी ली जिस पर खण्ड विकास अधिकारी डीह ने बताया कि नियत तिथि पर बूथ वार आयी हुई समस्याओं का निस्तारण कराए जाने की बात कही कांग्रेस नेता ने कांग्रेस पार्टी के ब्रू2 से अपील करते हुए मैपिंग में आई हुई समस्या से मिली नोटिस को मतदाताओं द्वारा अपने अपने दस्तावेज नियत तिथि पर जमा करवाए जाने व नए लोगों को फार्म 6 के तहत् जोड़वाए जाने की अपील की उनके साथ महिलाओं का एक जत्था ग्रामीण क्षेत्रों में डोर टू डोर जनसंपर्क किया।

# पूरनपुर में उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता के लिए कानून लागू रखने की मां




ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मंगलवार दोपहर उपजिलाधिकारी को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा 13 जनवरी 2026 को जारी किए गए नए नियमों को बिना किसी बदलाव के लागू रखने की मांग की गई। संगठन ने स्पष्ट किया कि यह कानून उच्च शिक्षण संस्थानों में सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग के छात्रों को भेदभाव मुक्त, सुरक्षित, सम्मानजनक और समावेशी वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया गया है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि कुछ भेदभावपूर्ण मानसिकता रखने वाले वर्ग इन नियमों को रोकने के लिए अराजकता का माहौल बना रहे हैं। ओबीसी महासभा ने इसे शैक्षणिक समानता के विरुद्ध बताया और ऐसे प्रयासों की कड़ी निंदा की। महासभा ने कहा कि यूजीसी एक्ट 2026 को लागू करना सामाजिक न्याय और समान अवसर की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संगठन ने राष्ट्रपति से आग्रह किया कि यूजीसी कानून 22/2026 को बिना किसी बदलाव के पूरी सख्ती के साथ लागू किया जाए, ताकि पिछड़े वर्गों के छात्र उच्च शिक्षा में सम्मानपूर्वक आगे बढ़ सकें। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि इस कानून को कमजोर करने या लागू न करने का प्रयास किया गया, तो ओबीसी महासभा व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान दामोदर प्रसाद यादव, अभिषेक यादव, सुरेश वर्मा, लालबहादुर कोहली, रामेश्वर दयाल कुशवाहा, विपिन कुमार वर्मा, मुकेश श्रीवास्तव, प्रेमपाल श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार, फकरुल मंजरी, हरीराम गौतम, आचार्य धर्म प्रकाश बौद्ध, नरेशपाल गौतम, विकास सागर, शिवनंदन, अशोक कुमार श्रीवास्तव, शिवनारायण गौतम और राजकुमार सागर सहित ओबीसी महासभा के प्रमुख पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# तेज रफ़्तार डीसीएम ने मासूम को रौदा, मासूम की मौके पर हुई दर्दनाक मौत




**ब्यूरो उन्नाव उमेश शुक्ला लखनऊ सुपरफ़ास्ट।** उन्नाव के अचलगंज थाना क्षेत्र के बदरका गांव में सोमवार रात एक सड़क हादसे में 18 वर्षीय मासूम की जान चली गई। मासूम अपने बाबा के घर से पैदल लौटकर अपने घर जा रहा था, तभी एक तेज रफ्तार डीसीएम ने उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बदरका निवासी हिमांशु दीक्षित पुत्र अनुराग दीक्षित के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, हिमांशु सोमवार रात करीब 9:30 बजे अपने बाबा श्याम सुंदर दीक्षित के घर से वापस अपने घर जा रहा था। रास्ते में पीछे से आ रही डीसीएम ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद डीसीएम चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया है कि हिमांशु दो भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी अचानक हुई मौत से परिवार सदमे में है। माता-पिता का कहना है कि हिमांशु पढ़ाई के साथ-साथ घर के कामों में भी हाथ बंटाता था। ग्रामीणों ने बताया कि जिस स्थान पर यह हादसा हुआ है, वहां रात के समय भारी वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। तेज रफ्तार के कारण इस जगह पर पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। थाना अचलगंज प्रभारी ब्रजेश शुक्ला ने बताया कि डीसीएम वाहन की तलाश की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सेल्समैन के घर ताला तोड़कर लाखों की हुई चोरी सीसीटीवी में कैद हुए संदिग्ध युवक पुलिस की तलाश जारी



**ब्यूरो उन्नाव उमेश शुक्ला लखनऊ सुपरफ़ास्ट।** उन्नाव की गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में एक सेल्समैन के घर पर लाखों रुपये के जेवरात चोरी हो गए। चोरों ने घर में घुसकर करीब पांच लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर लिया और वहा से फरार हो गए। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है और स्थानीय लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी देखी जा रही है। पीड़ित गंगाघाट थाना क्षेत्र के मनसुख खेड़ा चंपापुरवा निवासी जयकुमार ठाकुर पुत्र स्वर्गीय मगनू ने बताया कि मै पेशे से सेल्समैन हूं।


उन्होंने बताया कि घटना उस समय हुई जब घर के सदस्य किसी काम से बाहर गए हुए थे। अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर प्रवेश किया और अलमारी व संदूक में रखे कीमती जेवरात चुरा लिए। चोरी हुए सामान में दो सोने के लॉकेट, चार नाक की कील, एक सोने का मांग टीका, दो सोने की अंगूठी, एक चांदी की जंजीर, एक चांदी का लॉकेट और 24 चांदी के दाने शामिल हैं। चोरी हुए जेवरातों की कुल कीमत लगभग पांच लाख रुपये आंकी गई है। परिजनों के घर लौटने पर कमरों का सामान बिखरा मिला, जिससे चोरी का पता चला। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची गंगाघाट पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। गली में लगे सीसीटीवी कैमरों में कुछ संदिग्ध युवक दिखाई दिए हैं, जिनकी फुटेज पुलिस ने कब्जे में ले ली है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। इस घटना के बाद गंगाघाट पुलिस की सक्रियता पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था में कमी है। लोगों ने रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। गंगाघाट कोतवाली प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया जाएगा।

# विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यों की डीएम ने परखी जमीनी हकीकत, समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश



**जौनपुर।** जनपद में मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने सुजानगंज स्थित खंड विकास अधिकारी कार्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एईआरओ) से नोटिस जारी करने की प्रक्रिया, ऑनलाइन अपलोड की स्थिति, नोटिस वितरण तथा अनमैप्ड मतदाताओं से जुड़े साक्ष्यों के मिलान की अद्यतन प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि नोटिस निर्गत होने के बाद अनमैप्ड मतदाताओं के साक्ष्य परीक्षण एवं सुनवाई की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य को पूर्ण किया जा सके। डॉ. दिनेश चंद्र ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची का पारदर्शी और त्रुटिरहित होना लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार, एईआरओ, सुपरवाइजर, बीएलओ सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जालसाजो ने नीट में बेटी का दाखिला कराने के नाम पर जेल अधीक्षक से करी लाखों की ठगी, रिपोर्ट दर्ज पुलिस जांच में जुटी






**ब्यूरो उन्नाव उमेश शुक्ला लखनऊ सुपरफ़ास्ट।** उन्नाव जेल अधीक्षक से नीट में बेटी का दाखिला कराने के नाम पर जालसाजों ने 23 लाख रुपये की ठगी कर ली. जस्ट डायल के जरिए जेल अधीक्षक ने इनके मोबाइल नंबर पर संपर्क किया था. जेल अधीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपितों के अलावा जस्ट डायल के प्रबंधक समेत तीन पर जालसाजी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जेल अधीक्षक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि इससे पहले भी आरोपित छह से सात लोगों से तीन-चार करोड़ की ठगी कर चुके हैं। लखनऊ के साइबर थाना में पीड़ितों की ओर से मुकदमा दर्ज करने के बाद डेढ़ माह पूर्व दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जेल अधीक्षक पंकज कुमार सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि नीट काउंसिलिंग के द्वारा बेटी को उन्हें मेडिकल कालेज में प्रवेश दिलाना था। इसके लिए उन्होंने जस्ट डायल के माध्यम से लखनऊ गोमतीनगर के स्टडी पाथवे कंसलटेंसी के प्रोपराइटर अभिनव शर्मा से उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क किया. अभिनव ने हिंद इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस सफेदाबाद बाराबंकी में प्रवेश सुरक्षित कराने के नाम पर 19 जुलाई 2025 को 10-10 लाख के इसी कालेज के नाम के दो बैंक ड्राफ्ट लिए. इसके बाद आरोपित अभिनव ने 24 अगस्त 2025 को अपने कोटक महिंद्रा बैंक, गोमतीनगर लखनऊ के खाते में तीन लाख रुपये डालने को कहा।

**जेल अधीक्षक से हुई 23 लाख रुपये की ठगी**

जेल अधीक्षक के अनुसार उन्होंने अपनी पत्नी के खाते से तीन लाख रुपये उसके बताए गए खाते में आरटीजीएस के जरिए भुगतान किए. कुछ दिन बाद अभिनव शर्मा से मोबाइल नंबर पर बात करने का प्रयास किया तो मोबाइल बंद जाता रहा. उनके कार्यालय विजयपंत खंड गोमतीनगर लखनऊ पहुंचा तो वह भी बंद मिला. इधर-उधर जानकारी ली तो पता चला कि आरोपित अभिनव शर्मा, संतोष कुमार कुमार व अन्य का एक संगठित गिरोह है जो पूर्व में कई अन्य लोगों से जालसाजी कर अपना शिकार बना चुका हैं. उन्होंने बताया कि लगभग यह पूर्व में उसके ऊपर दर्जनों लोगों से तीन से चार करोड़ की ठगी का मुकदमा लखनऊ के साइबर थाना में दर्ज हुआ इस पर डेढ़ माह पहले लखनऊ पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था. ठगी के लिए आरोपितों ने हिंद इंस्टीट्यूट के नाम से बैंकों में फर्जी खाते,व फर्जी कार्यालय भी खोल रखे हैं। 23 लाख की ठगी के बाद आरोपितों ने जस्ट डायल से भी अपनी सभी जानकारी हटा ली है. जेल अधीक्षक ने इस अपराध में जस्ट डायल की भूमिका भी महत्वपूर्ण बताई. कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि जेल अधीक्षक की तहरीर पर स्टडी पाथवे कंसल्टेंसी के प्रोप्राइटर अभिनव शर्मा, संतोष कुमार, व जस्ट डायल के संचालक व प्रबंधक के विरुद्ध बीएनएस की धारा 318 (4) धोखाधड़ी व बेईमानी से संपत्ति हड़पना, व धारा 61 (2) आपराधिक साजिश के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है.जल्द से जल्द गिरफ़्तारी की जायेगी। जेल अधीक्षक पंकज कुमार सिंह ने 23 लाख की ठगी की बात स्वीकार की है।

# अब ज़िन्दगी की शाम हो गई है



शिशुपन, बचपन, यौवन बीत गया,
चौथा पन भी अब मेरा बीत रहा है,
जीवन एक एक पल घटा जा रहा है,
जैसे जैसे उम्र का हर पल बीत रहा है।

उम्र का विचार यह समझाता है,
अब जिन्दगी की शाम हो गई है,
मगर ये दिल है जो कहता है कि
महफ़िल शाम से ही शुरू होती है।

दिल जो कहता है वह भी सही है,
शाम की फ़िक्र, रात न बेकार हो,
क्या पता क्या कि कल उठने पर,
सूर्योदय का फिर दीदार हो न हो।

आशा निराशा, उम्र का यह मंजर,
दिल चाहता कुछ है होता कुछ है,
दिल की सुने या वास्तविकता देखें,
ज़िंदगी का यही तो फ़लसफ़ा है।


तभी श्रीकृष्ण जी यह कहते हैं कि
पार्थ कर्म कर, फल की इच्छा न कर,
फल तो मैं ही देने वाला हूँ इसलिए,
आदित्य कर्म धर्म व सत्कर्म कर।

विद्यावाचस्पति डॉ कर्नल
आदिशंकर मिश्र, 'आदित्य' लखनऊ

# दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग के सर्वांगीण सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है योगी सरकार :नरेन्द्र कश्यप

■ बजट सत्र से पूर्व सचिवालय में विभागीय योजनाओं एवं बजट मांगों की हुई विस्तृत समीक्षा ■ दिव्यांग विश्वविद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाने, शिक्षकों की नियुक्ति और निर्माण कार्य समय से पूर्ण कराने के निर्देश ■ सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करें: मंत्री नरेन्द्र कश्यप





**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग के सर्वांगीण सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योजनाबद्ध एवं परिणामोन्मुखी ढंग से कार्य कर रही है। इसी क्रम में मंगलवार को सचिवालय स्थित नवीन भवन में प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में बजट सत्र से पूर्व विभागीय योजनाओं की समीक्षा तथा आगामी वित्तीय वर्ष के लिए प्रस्तावित बजट मांगों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शी, समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि योगी सरकार की प्राथमिकता है कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचे और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट की समीक्षा करते हुए मंत्री कश्यप ने कहा कि ये विश्वविद्यालय दिव्यांगजनों के लिए उच्च शिक्षा के प्रमुख केंद्र हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि मंडल स्तर पर कार्यशालाओं, जागरूकता कार्यक्रमों एवं प्रचार-प्रसार गतिविधियों के माध्यम से इन विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक सुविधाओं, पाठ्यक्रमों एवं अवसरों की जानकारी दिव्यांगजनों तक पहुंचाई जाए, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा से जुड़ सकें। इसके साथ ही दोनों विश्वविद्यालयों में रिक्त शिक्षकीय पदों पर शीघ्र नियुक्ति तथा निर्माणाधीन कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि योजनाओं की सफलता का पैमाना तभी तय होता है जब उसका सीधा लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने जनपद स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करने तथा अपेक्षित प्रगति न करने वाले जनपदों में जिलाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य निधि का उपयोग पूर्ण संवेदनशीलता के साथ दिव्यांगजनों के हित में किया जाए ।उन्होंने राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन से न्यायालयों में लंबित मामलों एवं उनके निस्तारण की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि योगी सरकार का उद्देश्य दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग को केवल सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर, सशक्त एवं सम्मानपूर्ण जीवन के लिए सक्षम बनाना है। इसके लिए शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार एवं सामाजिक सहभागिता के सभी आयामों पर सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## धक्का देकर चलाई जा रही है रोडवेज की बसें, अमेठी में वीडियो वायरल

**अमेठी।** बस स्टेशन पर परिवहन विभाग की लापरवाही उस समय सामने आई, जब भारी बारिश के बीच एक रोडवेज बस अचानक स्टार्ट नहीं हो सकी और यात्रियों को ही बस में धक्का लगाना पड़ा। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली और यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अमेठी बस स्टेशन पर मंगलवार की सुबह एक रोडवेज बस अचानक बंद हो गई, उसे स्टार्ट करने में परेशानी आ रही थी। जिसके बाद यात्रियों को भारी बारिश के बीच बस में धक्का लगाना पड़ा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बस में खराबी आने के बाद परिवहन विभाग के कर्मचारियों ने तकनीकी सहायक बुलाने के बजाय यात्रियों से ही बस को धक्का लगाने को कहा। यात्रियों ने मजबूरन बस को धक्का लगाया, जिसके बाद बस स्टार्ट हो सकी और उसे आगे के लिए रवाना किया गया। यह पूरा घटनाक्रम मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया, और अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली और यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि डिपो की अधिकांश बसें पुरानी हो गई है, जिससे यात्रियों को लगातार असुविधा होती है। उनका कहना है कि परिवहन विभाग इस संबंध में कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता, जिससे यात्रियों में नाराजगी बढ़ रही है। एआरएम काशी प्रसाद ने बताया कि जिस बस में धक्का लगवाया गया, वह आलमबाग डिपो की अनुबंधित बस थी। एआरएम ने पुष्टि की कि बस के चालक और परिचालक ने यात्रियों से धक्का लगवाया था। इस मामले की सूचना संबंधित डिपो के एआरएम को भेजी जाएगी। काशी प्रसाद ने यह भी कहा कि खराब मौसम के कारण संभव है कि तकनीकी खराबी के चलते बस स्टार्ट न हो पाई हो। उन्होंने बताया कि कई बार नई बसों में भी ऐसी समस्या आ जाती है।

## गांव, गरीब युवा, किसान और मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण का मजबूत आधार है बजट–सतीश शर्मा



**माता प्रसाद शुक्ल जिला संवाददाता गौरीगंज/अमेठी।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर केंद्रीय बजट 2026 को लेकर एक प्रभावशाली एवं विचारोत्तेजक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में बजट की राष्ट्रहितैषी विशेषताओं को भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला की उपस्थिति में विस्तार से रखा। राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त और दूरदर्शी नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 गरीब कल्याण, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की भावना से ओत-प्रोत है। यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि आम नागरिक के सपनों और आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि विपक्ष जहां भ्रम फैलाने और नकारात्मक राजनीति में व्यस्त है, वहीं मोदी सरकार ठोस निर्णयों और परिणाम देने की राजनीति कर रही है। श्री शर्मा ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 में किसानों की आय बढ़ाने, युवाओं को रोजगार के नए अवसर देने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और मध्यम वर्ग को आर्थिक राहत देने के लिए निर्णायक प्रावधान किए गए हैं। यह बजट सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प को धरातल पर साकार करता है। उन्होंने विशेष रूप से अमेठी जनपद के संदर्भ में कहा कि यह बजट क्षेत्र के लिए भी ऐतिहासिक सौगात लेकर आया है। अमेठी में ट्रामा सेंटर जैसी स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती, छात्राओं के लिए गर्ल्स हॉस्टल की व्यवस्था तथा कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों की जीवनरक्षक दवाओं को सस्ता करने जैसे प्रावधान आम जनमानस को बड़ी राहत देने वाले हैं। यह बजट यह सिद्ध करता है कि मोदी सरकार का हर निर्णय आम आदमी के जीवन को आसान बनाने के लिए है। विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि जिन दलों ने दशकों तक सत्ता में रहकर देश को घोटाले, गरीबी और निराशा दी, आज वे देश की आर्थिक प्रगति और ऐतिहासिक बजट पर सवाल उठा रहे हैं। लेकिन देश की जागरूक जनता अब सच्चाई को भली-भांति समझ चुकी है और विकास के इस मार्ग पर प्रधानमंत्री मोदी जी के साथ खड़ी है। भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश के लिए विकास का स्पष्ट रोडमैप है। यह बजट दर्शाता है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार केवल वादे नहीं करती, बल्कि उन्हें जमीन पर उतारकर दिखाती है।

अमेठी जैसे जनपदों को स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में जो लाभ मिल रहे हैं, वे इसी मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिणाम हैं। भाजपा जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आम जनमानस के हितों की सच्ची प्रतिनिधि है। केंद्रीय बजट 2026 इसका जीवंत प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता गांव-गांव और जन-जन तक इस बजट की उपलब्धियों को पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे।

## योगी सरकार द्वारा रेशम उद्योग को नई पहचान मिल रही है





योगी सरकार द्वारा रेशम उद्योग को नई पहचान मिल रही है, जिसके तहत इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सिल्क एक्सपो-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ, जिसमें मंत्री राकेश सचान ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर पं. दीन दयाल उपाध्याय रेशम रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मंत्री राकेश सचान और नरेन्द्र कश्यप के द्वारा 16 विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया गया और रेशम मित्र-2025 पत्रिका का विमोचन हुआ, जिससे विभागीय प्रयासों को नई गति मिली। प्रदेश में रेशम उत्पादन 27 मीट्रिक टन से बढ़कर 450-500 मीट्रिक टन तक पहुँच गया है, जो आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की दिशा में रेशम उद्योग को एक सशक्त आधार बना रहा है। रेशम उद्योग किसानों, बुनकरों और उद्यमियों को स्थायी रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है, और मल्टी रीलिंग इकाइयों की स्थापना से रेशम प्रसंस्करण अवसंरचना मजबूत हुई है। 1630 लाभार्थियों को 32.49 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता से उत्पादन में वृद्धि हुई है, और मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना से 10 वर्षों में 13,500 किसान लाभान्वित होंगे। 9,000 एकड़ में शहतूत वृक्षारोपण और 360 मीट्रिक टन अतिरिक्त उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जबकि रेशम मित्र पोर्टल से ऑनलाइन आवेदन, मॉनिटरिंग और पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो रहा है। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि डबल इंजन सरकार के प्रयासों से रेशम उद्योग में ऐतिहासिक प्रगति हुई है, और सिल्क एक्सपो-2026 में विभिन्न राज्यों के शुद्ध रेशमी उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी 06 फरवरी 2026 तक आम जनता के लिए खुली रहेगी, जिसमें विभिन्न राज्यों के बुनकरों और व्यापारियों द्वारा रेशमी उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

## कपूरीपुर में जल अर्पण दिवस समारोह 5 फरवरी को

**माता प्रसाद शुक्ल जिला संवाददाता अमेठी।** जल निगम विभाग जल जीवन मिशन की दो परियोजनाओं को जल अर्पण दिवस समारोह के लिए तैयार कर रहा है।ये दोनों परियोजनाएं काफी समय पहले पूरी हो गई है। यहां शत प्रतिशत जलापूर्ति हो रही है। जगदीशपुर विकास खंड में स्थित कपूरीपुर ग्रामीण पाइप पेयजल योजना छः महीने पहले पूरी हो गई है। विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस परियोजना की विजिट भी कर चुके हैं।इस परियोजना से 11किमी जल वितरण प्रणाली के माध्यम से 582परिवारों को हर घर तक नल की सुविधा प्रदान की गई है। यहां जल अर्पण दिवस समारोह 5फरवरी को प्रस्तावित है। सोमवार को अवर अभियंता इंजीनियर नीरज प्रजापति और इंजीनियर प्रशांत श्रीवास्तव ने निर्माण कम्पनियों के साथ आयोजन की तैयारी शुरू कराई। दूसरी परियोजना विकास खंड भेंटुआ में है। ग्रामीण पाइप पेयजल योजना पिंडोरिया का काम भी पूरा हो चुका है।इस परियोजना का जल अर्पण दिवस समारोह 12फरवरी को प्रस्तावित है।

**सबसे पीछे है वेलस्पन कम्पनी का काम**

**जगदीशपुर।** विकास खंड जगदीशपुर में जल जीवन मिशन की 59परियोजनाएं है।34परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।48ओवर हेड टैंकों का निर्माण पूरा हो चुका है। विकास खंड में 925किमी के सापेक्ष 870किमी पाइप लाइन का निर्माण हुआ है।47012के सापेक्ष 31842गृह संयोजन हुए हैं। यहां वेलस्पन कम्पनी का काम सबसे पीछे है।इस कम्पनी के पास 18परियोजनाएं है। जनवरी 2026तक केवल 6परियोजनाएं ही पूरी हुई हैं, जबकि वी टी एल की 20परियोजनाएं पूरी हुई हैं। गायत्री रैम्की-की एक दर्जन परियोजनाओं में शत प्रतिशत जलापूर्ति हो रही है। सहायक अभियंता इंजीनियर विपिन कुमार ने बताया कि 11निर्माणाधीन ओवर हेड टैंकों का निर्माण मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा ।जल अर्पण दिवस समारोह 5फरवरी को प्रस्तावित है।

## समाचार

### रंजिश के चलते दबंगो ने सेना के जवान के भाई को पीटा, मुकदमा दर्ज।

आलमबाग। मानक नगर थाने मे एक सेना के जवान ने अपने भाई पर रंजिश के चलते मारपीट धमकी का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। मूल रूप से स्वरूपगढ़, थाना चरखी दादरी जिला चरखी दादरी हरियाणा निवासी नवीन कुमार पुत्र सत्यवान ने बताया कि वह वर्तमान मे श्रीनाथ नगर राजाजीपुरम थाना पारा जनपद लखनऊ मे निवास कर रहा है और उसका भाई आर.एस.डी डिपार्टमेन्ट आर्मी में सर्विस करता है। सोमवार शाम करीब 4.45 बजे ड्यूटी से घर आते समय मानक नगर थाना क्षेत्र स्थित कनौसी पुल के नीचे 6 से 7 अज्ञात लोगों ने उनके भाई की गाड़ी रोककर लाठी–डण्डे से मारपीट की और हमलावरों ने उनके भाई को अधमरा छोड़कर जान से मारने की धमकी दी है। आरोप है कि हमले का कारण सरवन कुमार नाम का व्यक्ति है, जो उनके भाई के साथ ही विभाग में सर्विस करता है और पूर्व में भी कई बार उनके भाई को जान से मारने की धमकी दे चुका है। वही पीडित के भाई नवीन कुमार का कहना था उनके भाई को काफी चोटें आई हैं जिसका उपचार निजी अस्पताल में भर्ती कर चल रहा है। आरोपियों ने उसके भाई को सरवन कुमार से अगर दोबारा बहस किया तो उसे और परिवार को जान से मार देने की धमकी दी है। जिसके चलते उन्होंने भाई के साथ काम करने वाले सरवन कुमार सहित आधा दर्ज अज्ञात के खिलाफ शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडित के भाई की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही है।

### आशियाना मे ई रिक्शा चोरी, एफआईआर दर्ज

आलमबाग। आशियाना थाना इलाके मे घूम रहे चोरों ने बीते एक सप्ताह पूर्व थाना क्षेत्र स्थित पावर हाउस पेट्रोल पंप के पास खड़ा ई रिक्शा पार कर दिया और मौके से फरार हो गए। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर एम1 निवासी सत्येन्द्र रावत, पुत्र पुत्ती लाल के अनुसार वह बीते 25 जनवरी की रात्रि करीब नौ बजे अपना बैटरी रिक्शा संख्या यूपी 32 क्यू एन 3605 लेकर थाना क्षेत्र स्थित पावर हाउस स्थित पेट्रोल पंप के पास लेकर गए थे जहाँ उन्होंने अपने उक्त ई रिक्शा को खड़ा किया था। जिसे चोरों ने पार कर दिया। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने स्थानीय आशियाना थाने मे पुलिस से लिखित शिकायत की।

### युवती ने युवक पर शादी रचा दहेज की मांग पूरी न होने पर गाली-गलौज, धमकी का लगाया आरोप

आलमबाग। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके मे रहने वाली एक युवती ने युवक पर शादी रचा दहेज़ की मांगपूरी न होने पर गाली गलौज मारपीट धमकी का आरोप लगा युवक सहित उसकी माँ के खिलाफ नामजद शिकायत की है। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित एल.डी.ए. कालोनी निवासी अनामिका राज पुत्री अभिषेक कुमार के अनुसार बीते 7 जुलाई को ए.एम.सी. अफिसस मेस, नजदीकी तोपखाना बाजार लखनऊ का निवासी विकास चौहान पु0 राजेन्द्र कुमार से उनकी मुलाकात हुई थी और उन्होंने शादी का वादा किया था। आरोप है कि आरोपित विकास चौहान ने बीते 22 जुलाई 25 को उसे आर्य समाज मंदिर अलीगंज में बुला उससे शादी की थी।

## बिजलेंस टीम ने छापेमारी कर दो लोगों पर बिजली चोरी का दर्जा किया मुकदमा




**लखनऊ सुपरफास्ट अटरिया सीतापुर।** इलाके के नवागांव व कुंवरपुर में बिजलेंस टीम ने छापेमारी कर दो लोगों पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। बताते चलें कि सीतापुर बिजलेंस जेई राजेन्द्र दरोगा सतीश गुप्ता व अटरिया पावर हाउस जेई अंकुर मिश्रा ने संयुक्त रुप में बिजली चोरी की शिकायत मिलने पर नवागांव में संगीता पत्नी लवकुश मीटर बाइपास था वहीं बृजलाल पुत्र कनऊ बगैर मीटर कटिया डाले व उपमा सिंह बिजली चोरी करते पाए गए बिजनेस टीम ने दो लोगों पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज किया है वहीं कुंवरपुर बाजार में एक घरेलू कनेक्शन से चार दुकानों में कार्मेसियल कार्य करते पाए गए संयुक्त टीम ने अनियमिता भरने की कार्यवाही किया। बिजनेस टीम जेई राजेन्द्र ने बताया कि बिजली चोरी करने वालों पर कार्रवाई करने की मुहिम चल रही है अगर कोई बगैर कनेक्शन के बिजली जलाते मिला उसपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व हिंदू महासंघ जनपद बिजनौर में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती का कार्यक्रम 1 फरवरी को ग्राम इससे पूर के मंदिर में किया गया



**संदीप उपाध्याय दैनिक लखनऊ सुपरफास्ट जिला ब्यूरो चीफ बिजनौर।** जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर इंद्रदेव सिंह व मुख्य वक्ता के रूप में संभल जिला अध्यक्ष महेश शर्मा जी बिजनौर जिला अध्यक्ष व मंडल प्रभारी मुरादाबाद लव कुमार जी एवं सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ओछी राजनीति पड़ी भारी- अजय राय के खिलाफ सड़कों पर फूटा सरोजनीनगर का जनाक्रोश, पुतला दहन कर जताया प्रचंड विरोध

**डॉ. राजेश्वर सिंह के समर्थन में सड़क पर उतरे 5000 से अधिक समर्थक, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के बयान के विरोध में पुलिस को सौंपा ज्ञापन**

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ सड़कों पर उतरी सरोजनीनगर की जनता, राजेश्वर सिंह पर दिया था विवादित बयान**

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने राजेश्वर सिंह पर की टिप्पणी, जनता ने दिखाया सच का आईना**

**सुर्खियों की भूख में बौखलाए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, सरोजनीनगर की जनता ने दिया करारा जवाब**








**सरोजनीनगर ।** सुर्खियों की सस्ती राजनीति और स्तरहीन बयानों के लिए कुख्यात कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का एक और दांव इस बार उल्टा पड़ गया। सरोजनीनगर के लोकप्रिय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह पर रविवार को की गई उनकी अमर्यादित और ओछी टिप्पणी ने पूरे क्षेत्र की जनता के आत्मसम्मान को ठेस पहुँचाई, जिसका मुँहतोड़ जवाब भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों और आम नागरिकों ने उन्हें उन्हीं की भाषा में दे दिया। मंगलवार को सरोजनीनगर की सड़कों पर जनाक्रोश का विस्फोट देखने को मिला। 5,000 से अधिक नागरिकों, भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने एकजुट होकर अजय राय का पुतला दहन किया, हाथों में पोस्टर-बैनर लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और साफ शब्दों में सार्वजनिक माफी की मांग की। हर ओर गगनचुंबी नारे गूंजते रहे। अजय राय होश में आओ, राहुल गांधी-कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद, अजय राय मुर्दाबाद। डॉ. राजेश्वर सिंह के समर्थन में एकत्रित हजारों की तादाद में जनसमूह ने पुलिस को ज्ञापन सौंपते हुए अजय राय के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग भी की। लोगों ने कहा कि डॉ. राजेश्वर सिंह की ईमानदार छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से ऐसे निराधार आरोप लगाए जा रहे हैं। समर्थकों ने चेतावनी दी कि यदि सार्वजनिक माफी नहीं मिली, तो आंदोलन और भी तेज किया जाएगा। कड़कड़ाती ठंड और बारिश भी जनसैलाब के हौसले नहीं तोड़ सकी। लोगों ने शहीद पथ मोड़ से होटल हॉलिडे इन तक मार्च निकाला और कांग्रेस पार्टी व अजय राय के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आक्रोशित जनसमूह ने कांग्रेस के काले अध्यायों को जनता के सामने रखा। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि सत्ता-लोलुपता में डूबे अजय राय का राजनीतिक इतिहास अवसरवाद से भरा रहा है। कभी सपा, कभी भाजपा, लेकिन हर बार चुनावी असफलता ही हाथ लगी। इसी कुंठा में वे ईमानदार और विज़नरी नेताओं पर टिप्पणी कर चर्चा में बने रहना चाहते हैं। बड़ी संख्या में एकत्रित जनसमूह ने एक स्वर में कहा कि डॉ. राजेश्वर सिंह की ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और बेदाग छवि से घबराकर ऐसे निम्नस्तरीय और निराधार आरोप गढ़े जा रहे हैं। अपने राजनीतिक जीवन में अवसरवाद की राजनीति करने वाले अजय राय, जो कभी सपा तो कभी भाजपा की दहलीज पर रहे, आज भी जनसमर्थन के अभाव में सस्ती बयानबाज़ी से चर्चा बटोरना चाहते हैं। जनता ने यह भी याद दिलाया कि डॉ. राजेश्वर सिंह ने पुलिस और प्रवर्तन निदेशालय में रहते हुए अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की थी, जिसमें कांग्रेस के कई बड़े चेहरों पर कानूनी शिकंजा कसा गया। उसी कार्रवाई की टीस आज अजय राय की बदज़ुबानी में झलकती है। लोगों ने स्पष्ट किया कि सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह न केवल क्षेत्र, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक आदर्श जनप्रतिनिधि हैं। सम्मानित जननेता के खिलाफ अपमानजनक राजनीति अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ईमानदारी, सेवा और विज़न के साथ खड़े नेता पर हमला पूरे क्षेत्र के सम्मान पर हमला माना जाएगा। जनता ने चेतावनी दी कि यदि अजय राय शीघ्र सार्वजनिक माफी नहीं मांगते, तो यह आंदोलन और अधिक व्यापक एवं निर्णायक रूप लेगा। इस विशाल जन आक्रोश प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेता शंकरी सिंह, राजेश सिंह, रमा शंकर त्रिपाठी, कर्नल दयाशंकर दुबे, गणेश जोशी, रंजीत रावत (चेयरमैन बंथरा), सुनील रावत (ब्लॉक प्रमुख), कुशाग्र सिंह, रणंजय सिंह, मुकेश यादव, वीरू सिंह, रामकिशोर विश्वकर्मा, बंदे सिंह, अजय यादव, मुन्ना ख़ान, शेर अली ख़ान, शिवेंद्र शाही, बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता समेत हज़ारों की संख्या में क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।